आश्विन कृष्णा - 11 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 66 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 28-09-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 जम्मू कश्मीर के लोगों ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना : नड्डा

6 सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखना क्यों जरूरी?

7 तुर्किये के राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र में नहीं किया कश्मीर का जिक्र

## फर्स्ट टेक

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर जा पहुंचा था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई।

### चीन की परमाणु ऊर्जा से संचालित निर्माणाधीन पनडुब्बी डूबी

**वॉशिंगटन/एपी।** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित चीन की निर्माणाधीन हमलावर पनडुब्बी घाट के पास डूब गई। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि चीन की 'झोउ' श्रेणी की पहली पनडुब्बी संभवत: मई और जून के बीच डूबी। उन्होंने कहा कि उपग्रह से क्रेन की कुछ तस्वीरें मिली हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि नदी के तल से पनडुब्बी को उठाने के लिए उनकी आवश्यकता पड़ी होगी। चीन अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अहम दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे क्षेत्र पर अपना दावा करता है और वह इस क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी को लगातार बढ़ा रहा है। इस क्षेत्र पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलीपीन, ताइवान और वियतनाम जैसे देश भी दावा करते हैं। ऐसे में 'झोउ' का डूबना उसके लिए झटका है।

### अजरबैजान ने पाकिस्तान से लड़ाकू विमान खरीदे

**इस्लामाबाद/भाषा।** अजरबैजान ने कथित तौर पर 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत पाकिस्तान से बहुउद्देशीय जेएफ-17 ब्लॉक-3 लड़ाकू विमान खरीदे हैं। मीडिया में आई एक खबर में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि हाल ही में अजरबैजान को जेएफ-17 ब्लॉक-3 लड़ाकू विमान बेचने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। 'डान' अखबार की खबर के अनुसार, माना जा रहा है कि इस साल फरवरी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। अजरबैजान मीडिया की खबरों में दावा किया गया है कि 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा विमान, हथियार और प्रशिक्षण के लिए हुआ है। सौदे के तहत कितने विमान खरीदे गये यह स्पष्ट नहीं किया गया है।

| सूर्यास्त 28-09-2024 | सूर्योदय 29-09-2024 |
|---|---|
| 6:11 बजे | 6:08 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 85,571.85 | 26,175.15 |
| (-264.27) | (-40.90) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,840 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 90,419 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सियासी गठबंधन

कैसे मेंढ़क तुले तराजू,
पड़ा अक्ल पर सबके कोड़ा।
टांग खेंचते इक दूजे की,
चले अढ़ाई घर ज्यूं घोड़ा।
गिद्ध भोज में जुटे जीमने,
भुक्कड़ कोई ज्यादा-थोड़ा।
लगे सियासी गठबंधन यूं,
भानुमती ने कुनबा जोड़ा।।



## इजराइल ने भीषण धमाका कर हिजबुल्ला का मुख्यालय उड़ाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेरूत/एपी।** इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने बेरूत में हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक कई भीषण विस्फोट से काफी संख्या में इमारतें ध्वस्त हो गईं और आसमान में नारंगी तथा काले रंग के धुएं का गुबार छा गया।

लेबनान की राजधानी के दक्षिणी उपनगरों में ये हमले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के कुछ ही समय बाद हुए। नेतन्याहू ने अपने संबोधन में संकल्प लिया कि हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल का अभियान जारी रहेगा। उनकी टिप्पणियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित युद्ध विराम की उम्मीदों को और कम कर दिया।

इजराइल के तीन प्रमुख टीवी चैनलों के अनुसार हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह को निशाना बनाने के लिए ये हमले किए गए। हालांकि सेना ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि इसने आवासीय इमारतों के नीचे स्थित हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया। हिजबुल्ला के अल-मनार टेलीविजन के अनुसार, दहिया के हरेत हरीक इलाके में चार इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं। खबर में कहा गया है कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इससे बेरूत से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में स्थित इमारतें भी हिल गईं।

निकटवर्ती अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें कम से कम 10 लोग घायल मिले हैं, जिनमें एक सीरियाई बच्चा सहित तीन की हालत गंभीर है।



## हिजबुल्ला पर हमले जारी रखेगा इजराइल : नेतन्याहू

**संयुक्त राष्ट्र/एपी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र में शुक्रवार को विश्व के नेताओं से कहा कि लेबनान से लगी सीमा पर अपने लक्ष्यों को हासिल करने तक उनका देश हिजबुल्ला पर हमले जारी रखेगा। उनके इस बयान से, क्षेत्रीय युद्ध को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन वाले संघर्ष विराम की उम्मीदें घट गई हैं। नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार उस इलाके (लेबनान) से रोजाना रॉकेट दागे जाने को अब बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''इजराइल को इस खतरे को खत्म करने और अपने नागरिकों को सुरक्षित उनके घर भेजने का पूरा अधिकार है। और हम ठीक यही कर रहे हैं... हम हिजबुल्ला पर हमले करना जारी रखेंगे, जब तक कि हमारे सभी उद्देश्य पूरे नहीं हो जाते।'' नेतन्याहू ने कहा, ''जरा सोचिए, यदि आतंकवादी एल पासो और सैन डियागो को भूतहा शहरों में बदल दे... अमेरिकी सरकार कब तक उसे बर्दाश्त करेगी?'' उन्होंने कहा कि फिर भी इजराइल लगभग एक साल से इस असहनीय स्थिति को बर्दाश्त कर रहा है लेकिन ''मैं आज यहां यह कहने आया हूं: बस बहुत हो गया।''

#### योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा

## 'आतंकवाद का समर्थन करता रहा तो तीन टुकड़ों में बंटेगा पाकिस्तान'

### पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत में विलय के लिए तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ मुख्यमंत्री योगी ने आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'दृढ़' रुख को भी दोहराया और सिंधु नदी संधि का हवाला देते हुए कहा कि पानी और आतंकवाद एक साथ नहीं बह सकते।

**कठुआ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन जारी रखता है, तो पड़ोसी मुल्क तीन टुकड़ों में बंट सकता है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक रैली में पड़ोसी मुल्क को चेतावनी देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पहले से ही भारत में विलय के लिए तैयार है।

आदित्यनाथ ने कहा, यहां तक कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी भी जानते हैं कि आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पाकिस्तान तीन हिस्सों में बंट सकता है और उसका कोई नामोनिशान नहीं बचेगा। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत में विलय के लिए तैयार बैठा है। वे पाकिस्तान से आजादी चाहते हैं। वे विकास, राशन, शांति और आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड चाहते हैं लेकिन यह सब केवल भारत में ही संभव है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने के लिए कहा और पार्टी को क्षेत्र में सुशासन, शांति, स्थिरता और विकास के लिए एकमात्र विकल्प बताया। योगी ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को रेखांकित करते हुए कहा, पाकिस्तान की स्थिति ऐसी है कि वह भीख का कटोरा लेकर घूम रहा है। यहां तक कि बलूचिस्तान भी अब कह रहा है कि वे पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते क्योंकि उनके साथ विदेशियों जैसा व्यवहार किया जाता है।

मुख्यमंत्री योगी ने आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'दृढ़' रुख को भी दोहराया और सिंधु नदी संधि का हवाला देते हुए कहा कि पानी और आतंकवाद एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान के समर्थन से भारत में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति का बुरा हश्र होगा।

योगी ने कहा, अगर कोई पाकिस्तान के समर्थन से भारत में आतंकवाद के बीज बोने की कोशिश करता है तो उसके पास न तो ढकने के लिए कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन।

## फिल्म 'इमरजेंसी' से कुछ दृश्य हटाने का सुझाव अनुचित : रनौत



**मुंबई/भाषा।** अभिनेत्री-फिल्मकार कंगना रनौत ने शुक्रवार को कहा कि सेंसर बोर्ड से उन्हें फिल्म 'इमरजेंसी' से कुछ दृश्य हटाने का अनुरोध मिला है लेकिन यह सुझाव 'बेहद अनुचित' हैं और उनकी टीम इस मामले में अपने रुख पर कायम है। ऐसी खबरें हैं कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म में 13 'कट' लगाने को कहा है। इस संबंध में रनौत ने एक बयान में कहा कि उनकी टीम ''फिल्म की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए दृढ़ है।'' रनौत ने इस फिल्म का निर्देशन, सह-निर्माण किया है साथ ही उन्होंने इसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। उन्होंने पहले आरोप लगाया था कि सेंसर बोर्ड फिल्म की रिलीज को बाधित करने के लिए प्रमाणन में देरी कर रहा है। यह फिल्म पहले छह सितंबर को रिलीज होनी थी। कई मीडिया खबरों में कहा गया है कि सेंसर बोर्ड की एक समिति ने फिल्म में 13 'कट' लगाने का आदेश दिया है और इसे यू/ए प्रमाण पत्र जारी किया है। कहा जाता है कि इनमें एक 'डिस्क्लेमर' जोड़ने, कुछ संवाद और दृश्य हटाने और फिल्म में ऐतिहासिक संदर्भों की पुष्टि के लिए तथ्य प्रदान करना शामिल है। रनौत ने कहा, '' हमें कट के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं, सुझावों का हमेशा स्वागत है लेकिन कुछ सुझाव काफी अनुचित लगते हैं... अच्छी बात यह है कि अधिकांश इतिहासकारों और समीक्षा समिति के सदस्यों ने इसे देखने के बाद इसे एक नेता के सबसे विश्वसनीय चित्रण के रूप में सराहा है।'' केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने बृहस्पतिवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' से कुछ दृश्य हटाए जाने के बाद फिल्म को प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर में 'महाप्रसाद' की गुणवत्ता की जांच शुरू करेगी ओडिशा सरकार

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में इस्तेमाल किए जाने वाले 'महाप्रसाद' और घी के लिए गुणवत्ता जांच तंत्र स्थापित करने का फैसला किया है। ओडिशा सरकार का यह निर्णय आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के उस दावे के बाद पैदा हुए बड़े विवाद के बाद आया है, जिसमें उन्होंने तिरुपति बालाजी मंदिर में निर्मित और वितरित लड्डुओं में घटिया गुणवत्ता वाले घी तथा पशु चर्बी की कथित मौजूदगी का दावा किया था। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि 12वीं शताब्दी के इस मंदिर में महाप्रसाद तैयार करने में प्रयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने के लिए एक खाद्य निरीक्षक नियुक्त किया जाएगा। हरिचंदन ने कहा कि सभी वस्तुओं की रोशाशाला मंदिर की रसोई में भेजने से पूर्वी और महाप्रसाद अर्पित करने के बाद गुणवत्ता जांच की जाएगी।

#### मुडा घोटाले में

## मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ मैसूरु लोकायुक्त में एफआईआर दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के बहुचर्चित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में हुए घोटाले को लेकर पीपुल्स कोर्ट ने मैसूरु लोकायुक्त को मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या पर मैसूरु लोकायुक्त में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

बताया जा रहा है कि विशेष अदालत के आदेश पर लोकायुक्त एडीजीपी मनीष खरबीकर ने मैसूरु लोकायुक्त एसपी उदेश को इस विषय में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद एसपी ने यह कार्रवाई की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मुडा केस कानून के मुताबिक लड़ा जायेगा। यह पहली बार है कि मेरे साथ जनता के समर्थन से घबराए विपक्ष ने मेरे खिलाफ राजनीति से प्रेरित मामला दर्ज कराया है। न्याय मेरे पक्ष में है, मैं इसका सामना करूंगा और जीतूंगा। उन्होंने आगे लिखा, पिछले चुनाव में हमारी सरकार को जनता का आशीर्वाद मिला और उसी के अनुरूप हम अच्छे ढंग से शासन कर रहे हैं। इस पांच साल की अवधि में राज्य का विकास करने का जनादेश है। राज्यपाल को इसमें हस्तक्षेप नहीं चाहिए, अगर इसमें हस्तक्षेप किया गया तो हमें अनिवार्य रूप से विरोध करना पड़ेगा।

## तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री विक्रमार्क के घर चोरी

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के बंजारा हिल्स स्थित घर में कथित तौर पर चोरी हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चोरी की इस घटना में एक घरेलू सहायक के शामिल होने का संदेह है। विक्रमार्क फिलहाल हैदराबाद में बेगमपेट स्थित सरकारी 'प्रजा भवन' में रहते हैं। पुलिस ने बताया विक्रमार्क के निजी सहायक ने बृहस्पतिवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि बंजारा हिल्स स्थित घर से कुछ पैसे और गहने गायब हैं। घटना कुछ दिन पहले की बताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि इस घटना में संदिग्ध घरेलू सहायक फरार है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि नौकर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## जगन मोहन रेड्डी ने तेदेपा, भाजपा पर निशाना साधा, अपना तिरुमाला दौरा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के विपक्षी दल युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने तिरुपति भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का अपना निर्धारित दौरा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है।

इस मंदिर में प्रवेश से पहले अपनी आस्था स्पष्ट करने की आंध्र प्रदेश के सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों की मांग के बीच उन्होंने यह घोषणा की।



चर्चा का केंद्र बने (जगन के) इस दौरे की घोषणा उनकी पार्टी द्वारा आहूत राज्यव्यापी मंदिर प्रार्थना अनुष्ठान के तहत की गयी थी ताकि तिरुपति लड्डुओं के संबंध में आरोप लगाकर मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कथित रूप से जो ''पाप'' किया, उसका प्रायश्चित किया जा सके।

रेड्डी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह तिरुपति नहीं जा पाये क्योंकि पुलिस ने उनकी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किये और चेतावनी दी कि वे उनके इसमें (दौरे में) शामिल न हों।

रेड्डी के इस प्रस्तावित दौरे (अब स्थगित) से कुछ घंटे पहले नायडू ने अपील की थी कि श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर जाने वाले हर व्यक्ति को नियमों का पालन करना चाहिए और श्रद्धालुओं की भावना आहत नहीं करनी चाहिए।

नियमों के अनुसार, विदेशियों और गैर-हिंदुओं को भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन के लिए उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट करनी चाहिए। चंद्रबाबू नायडू के शासन को 'राक्षस राज्यम' करार देते हुए रेड्डी ने लड्डू मुद्दे पर अपनी आंखे मूंद लेने को लेकर भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने एक बार फिर कहा कि जिस घी को गुणवत्ता संबंधी मुद्दों के कारण तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था, उसका उपयोग कभी भी लड्डू प्रसादम बनाने में नहीं किया गया।

#### अमित शाह ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, पूछा-

## क्या वह एमएसपी का पूरा मतलब जानते हैं?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**रेवाड़ी/भाषा।** किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का पूरा मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार, आरक्षण और अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस इसे (अनुच्छेद 370 को) वापस लाना चाहती है। शाह ने दावा किया कि पांच अक्टूबर को होने वाले चुनाव के बाद भाजपा तीसरी बार हरियाणा में सत्ता में लौटेगी।

अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने राहुल 'बाबा' से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा, ''राहुल बाबा आप एमएसपी का पूरा मतलब जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है?''

शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा, ''हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि किसान जो भी बोना चाहते हैं, बो सकते हैं। यह भाजपा सरकार ही है, जो उनकी उपज खरीदती है।

## इस त्योहार के मौसम में रेलवे करीब 6,000 विशेष ट्रेन चलाएगा : वैष्णव

**नई दिल्ली/भाषा।** त्योहारों का मौसम नजदीक आता देख भारतीय रेलवे ने दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के मौके पर एक करोड़ से अधिक यात्रियों की सुविधा के लिए 6,000 विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां पत्रकारों को बताया कि त्योहारों के दौरान अत्यधिक भीड़ भाड़ को देखते हुए 108 ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य डिब्बा जोड़ने के अलावा 12,500 डिब्बे स्वीकृत किए गए हैं। विशेष तौर पर बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जाने वाले कई रेल मार्गों पर दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के त्योहार के दौरान भारी भीड़ रहती है। वैष्णव ने कहा कि इस साल के त्योहार के मौसम के लिए अब तक कुल 5,975 विशेष ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 4,429 थी। उन्होंने कहा, ''इससे पूजा के दौरान एक करोड़ से अधिक यात्रियों को घर जाने में सुविधा होगी।''

## बिहार के समस्तीपुर के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव

**समस्तीपुर/भाषा।** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, बीती रात करीब नौ बज कर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया। इस घटना में पेंट्रीकार समेत तीन कोच की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए।

# कर्नाटक में वैश्विक क्षमता केंद्र नीति पेश, 2029 तक 3.5 लाख नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक सरकार ने वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति का मसौदा शुक्रवार को पेश किया। इसका लक्ष्य 2029 तक 50 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक उत्पादन करना और 500 नए जीसीसी आकर्षित करने के साथ 3.5 लाख नई नौकरियां सृजित करना है। वैश्विक क्षमता केंद्र बहुराष्ट्रीय कंपनियों की दूसरे देशों में स्थित इकाइयां हैं। ये केंद्र अपनी मूल कंपनी को आईटी, वित्त, मानव संसाधन और विश्लेषण जैसी विभिन्न सहायता सेवाएं प्रदान करती हैं।

अधिकारियों ने कहा कि यह नीति निवेशकों का भरोसा बढ़ाने, स्थानीय नवोन्मेष परिवेश के साथ निर्बाध सहयोग को बढ़ावा देने और कर्नाटक को कृत्रिम मेधा (एआई) अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में अगुवा बनाने के लिए तैयार की गई है। इस मौके पर राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, आज, हम गर्व के साथ वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए अलग से बनायी गयी देश की पहली नीति की शुरुआत कर रहे हैं। यह नवोन्मेष...के लिए शीर्ष गंतव्य के रूप में कर्नाटक की स्थिति की पुष्टि करता है। जीसीसी बैक-ऑफिस' यानी दफ्तर के मुख्य कार्य के सुचारू परिचालन के लिए ढांचागत समर्थन देने से आगे बढ़कर वैश्विक रणनीतिक पहल, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रौद्योगिकी समाधानों के महत्वपूर्ण चालक बन गए हैं।

उन्होंने कहा कि 12 लाख से अधिक कार्यबल और अर्थव्यवस्था में 22.2 अरब अमेरिकी डॉलर के योगदान के साथ जीसीसी कर्नाटक के लिए वृद्धि तथा रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है। मसौदा नीति पर संबंधित पक्षों से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक, आईटी, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव एकरूप कौर ने कहा, इस नीति के जरिये हमारा लक्ष्य 2029 तक 500 नए जीसीसी स्थापित करना है। इससे 3.5 लाख नए रोजगार सृजित होंगे और 50 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक उत्पादन होगा।

# केंद्र दूरसंचार उपकरण विनिर्माण क्षेत्र की स्थापना कर रहा : सिंधिया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार देश में दूरसंचार उपकरण विनिर्माण क्षेत्र स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों के दौरान 1.28 लाख करोड़ रुपए के मोबाइल फोन निर्यात किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भारत में ज्यादातर मोबाइल फोन आयात किए जाते थे और निर्यात केवल 1,500 करोड़ रुपए का था। सिंधिया ने कहा, ''हम दुनिया में मोबाइल फोन के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक बन गए हैं। आज 30 करोड़ मोबाइल फोन भारत में तैयार किए जा रहे हैं।'' उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल फोन का मूल्यवर्धन 20 प्रतिशत बढ़ा है और ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि हमारी सरकार ने एफडीआई मानदंड बदल दिए हैं।

मंत्री ने कहा कि भारत में करीब 98 अरब अमेरिकी डॉलर का एफडीआई था और पिछले 10 वर्षों में हमने 60 प्रतिशत की वृद्धि करके 160 अरब डॉलर कर दिया है। मंत्री ने भरोसा जताया कि दूरसंचार क्षेत्र में भी ऐसी ही क्रांति होगी।

सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरकारी स्वामित्व वाली भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा के आधार पर अपनी 4जी सेवाएं स्थापित करने का जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा, ''हम अपना 4जी दूरसंचार ढांचा बनाने वाले दुनिया के छठे देश हैं और हम अगले साल के मध्य तक एक लाख टावर लगा देंगे। 2025 के मध्य तक हम पूरे भारत में 4जी प्रसार सुनिश्चित कर लेंगे।''

सिंधिया तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा के साथ अमेरिकी नेटवर्क उपकरण विनिर्माता सिस्को के पहले विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर यहां आए थे।



# एक महिला ने फडणवीस के कार्यालय के बाहर लगी उनकी 'नेम प्लेट' को तोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मुंबई स्थित कार्यालय के बाहर लगी उनकी 'नेमप्लेट' को एक महिला ने कथित तौर पर तोड़ दिया।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार शाम की है और इससे राज्य सरकार के दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यालय 'मंत्रालय' की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के समय फडणवीस अपने कार्यालय में नहीं थे। फडणवीस के पास गृह विभाग भी है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रवीण मुंडे ने पत्रकारों को बताया कि मध्य मुंबई की रहने वाली महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ्य प्रतीत हो रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला ने पहले भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में इसी तरह की हरकत की थी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम शुक्रवार को उसे 'कॉउसलिंग' देने के लिए उसके घर गई। महिला के मानसिक रूप से बीमार होने के संबंध में भी जांच की जा रही है। यह घटना बृहस्पतिवार की शाम साढ़े छह बजे के बाद हुई। अधिकारियों ने बताया कि महिला ने 'नेमप्लेट' उठायी और उसे फर्श पर पटक दिया। उसने बाहर रखे गमलों को भी तोड़ने की कोशिश की। अधिकारी ने कहा, ''महिला ने वैध प्रवेश पास के बिना मंत्रालय में प्रवेश किया। अब तक की जांच के अनुसार महिला ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि वह अपना बैग अंदर भूल गई है और वह उसे लेना चाहती है।''

# मुख्यमंत्री पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला मुझे मंजूर होगा : हुड्डा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रोहतक/भाषा।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिलने की शुक्रवार को उम्मीद जताई और कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी आलाकमान का जो भी फैसला होगा, वह उन्हें मंजूर होगा।

हुड्डा ने रोहतक में अपने आवास पर 'पीटीआई-भाषा'' को दिये साक्षात्कार में कहा कि पार्टी में कोई अंदरूनी कलह नहीं है और मुख्यमंत्री पद के लिए कई दावेदार होने से कांग्रेस को मजबूती ही मिलेगी। कांग्रेस के 77 वर्षीय वरिष्ठ नेता ने उनके पुत्र एवं सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप देखे जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह खुद न तो 'टायर्ड' हैं और न ही 'रिटायर्ड' हैं।

अपनी पारंपरिक विधानसभा सीट गढ़ी सांपला-किलोई से पुन: मैदान में उतरे हुड्डा ने दावा किया कि हरियाणा में ''अबकी बार, कांग्रेस की सरकार'' का माहौल बन गया है तथा उनकी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलेगा।

कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा की कथित नाराजगी से जुड़े प्रकरण के बारे में पूछे जाने पर हुड्डा ने कहा, ''यह आप लोगों (मीडिया) द्वारा पैदा किया हुआ है, यह कोई प्रकरण नहीं है। कांग्रेस एकजुट है।'' इस सवाल पर कि क्या अब सब कुछ ठीक है तो हुड्डा ने कहा, पहले भी सब कुछ ठीक था और आज भी है।'' मुख्यमंत्री पद की दावेदारी से जुड़े सवाल पर हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री चयन की एक स्थापित प्रक्रिया है और पार्टी आलाकमान जो भी फैसला करेगा, उन्हें मंजूर होगा।

# विक्रमादित्य को कांग्रेस की हिदायत: पार्टी की नीतियों व विचारधारा के खिलाफ नहीं जा सकते



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को हिदायत दी कि वह या कोई अन्य नेता पार्टी की नीतियों तथा विचारधारा के खिलाफ नहीं जा सकता। प्रदेश में दुकानदारों के लिए नेमप्लेट से संबंधित मुद्दे पर बयान देने वाले विक्रमादित्य सिंह ने यहां कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल से मुलाकात कर मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि वेणुगोपाल ने विक्रमादित्य से दो टूक कहा कि वह या कोई अन्य नेता कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा के विरुद्ध नहीं जा सकता।

सूत्रों के अनुसार, वेणुगोपाल ने हिमाचल सरकार के मंत्री से यह भी कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश में नफरत के खिलाफ मोहब्बत की राजनीति कर रहे हैं तथा ऐसे में कोई भी कांग्रेस नेता पार्टी की विचारधारा के विरुद्ध नहीं जा सकता। सूत्रों का कहना है कि विक्रमादित्य सिंह ने वेणुगोपाल के समक्ष यह सफाई दी कि उनकी टिप्पणियों को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया।

रेहड़ी-पटरी वाले दुकानदारों के लिए नाम प्रदर्शित करने को अनिवार्य बनाने के मंत्री विक्रमादित्य सिंह के ऐलान को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा था कि ऐसा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है। राज्य के लोकनिर्माण और शहरी विकास मंत्री सिंह ने बुधवार को मीडिया से कहा था कि रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाने वाले लोगों के लिए, खासकर खाद्य पदार्थ बेचने वालों के लिए, दुकान पर पहचानपत्र प्रदर्शित करने को अनिवार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि यह निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए फैसले की तर्ज पर लिया गया है।

# बैंक ऑफ इंडिया ने शुरू की 400 दिनों की विशेष सावधि जमा योजना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/दक्षिण भारत।** बैंक ऑफ इंडिया ने 400 दिनों की अपनी विशेष खुदरा सावधि जमा योजना (3 करोड़ रुपए से कम) आकर्षक ब्याज दर पर सीमित अवधि के लिए आगामी त्योहारों पर उपहार स्वरूप लॉन्च की है।

इस सावधि जमा पर गैर-प्रतिदेय जमा (1 करोड़ रुपए से अधिक की जमा राशियों के लिए) के अंतर्गत बैंक द्वारा 8.10 प्रतिशत प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज दर सुपर वरिष्ठ नागरिकों के लिए, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.95 प्रतिशत और अन्य ग्राहकों के लिए 7.45 प्रतिशत प्रदान की जा रही है। बैंक द्वारा समय से पूर्व निकासी का विकल्प मौजूद है। इसके तहत 7.95 प्रतिशत प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज सुपर वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 7.80 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों के लिए और 7.30 प्रतिशत अन्य ग्राहकों के लिए है।

यह सावधि जमा भारतीय नागरिकों, एनआरई और एनआरओ जमाकर्ताओं के लिए रुपए में 3 करोड़ रुपए से कम की जमा राशियों पर उपलब्ध है। विशेष सावधि जमा 27 सितंबर से सभी शाखाओं में उपलब्ध होगी। डिजिटल चैनलों (बीओआई ओमनी नियो ऐप/इंटरनेट बैंकिंग) के जरिए भी इसका लाभ उठाया जा सकता है।

# चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर आधार पर 6.5-7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : सीईए नागेश्वरन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए यह वृद्धि दर सराहनीय है।

बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर (नॉमिनल) वृद्धि दर 11% होगी। नागेश्वरन ने कहा, '' भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद अच्छी उपलब्धि है।'' जबकि विश्व मध्यम अवधि की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है और वैश्विक व्यापार धीमा पड़ रहा है, भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना सरकार द्वारा अपनाई गई संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों के दम पर मजबूत हो गया है। उन्होंने कहा, '' भारत में वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक प्रबंधन के कारण मजबूत है, जिसने स्थिरता के साथ आर्थिक वृद्धि की नींव रखी।''

# ट्राई ने स्पेक्ट्रम आवंटन पद्धति, सैटकॉम सेवाओं के मूल्य निर्धारण पर विचार मांगे

**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने उपग्रह कंपनियों को देश में कॉल करने, संदेश भेजने, ब्रॉडबैंड और अन्य सेवाएं देने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के तरीके और मूल्य का पता लगाने के लिए शुक्रवार को परामर्श प्रक्रिया शुरू की। स्पेक्ट्रम मूल्य और आवंटन पद्धति पर फैसले से पूरे भारत में एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक, भारती समूह समर्थित वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस जैसी कंपनियों की उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए रास्ता खुलेगा। सरकार ने दूरसंचार अधिनियम 2023 के तहत प्रशासनिक प्रक्रिया के जरिए बिना नीलामी के ज्यादातर उपग्रह सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने का फैसला किया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने परामर्श प्रक्रिया में उपग्रह कंपनियों को रेडियो तरंगें आवंटित करने के वैकल्पिक तरीकों पर विचार मांगे हैं। ट्राई ने 21 बिंदुओं पर टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। इनमें स्पेक्ट्रम शुल्क निर्धारित करने की विधि, उपग्रह संचार सेवाओं के लिए फ्रीक्वेंसी बैंड और स्पेक्ट्रम वापस करने का प्रावधान आदि शामिल हैं।

# हवाई अड्डों की संख्या 2047 तक बढ़ाकर 350 करने की योजना : नागर विमानन मंत्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 2047 तक देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाकर 350 करने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है।

नायडू ने विश्व पर्यटन दिवस पर यहां विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उनका मंत्रालय ज्यादा से ज्यादा ऐसे स्थानों को जोड़ने पर काम कर रहा है जो आवागमन के साधनों की पहुंच से दूर हैं और अज्ञात स्थलों के नजदीक हैं।

नायडू ने घरेलू संपर्क को बढ़ावा देने और विदेशी पर्यटकों के स्वागत के लिए हवाई अड्डों पर बेहतर सुविधाएं और गर्मजोशी भरा आतिथ्य प्रदान करने के सरकार के दृष्टिकोण की बात कही। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों का 'देश के प्रवेश द्वार' होना इसकी वजह है।

पर्यटन मंत्रालय के कार्यक्रम में उन्होंने कहा, आज हमारे पास 157 हवाई अड्डे हैं। ...लेकिन अगले 20-25 वर्षों में जब हम 2047 में वास्तविक 'विकसित भारत' देखेंगे, तब हम हवाई अड्डों की संख्या को बढ़ाकर 350 करना चाहते हैं। उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा 'चलो इंडिया' अभियान के तहत आने वाले समय में एक लाख विदेशी पर्यटकों को वीजा शुल्क से छूट दिए जाने की घोषणा के लिए पर्यटन मंत्रालय को बधाई दी।

नायडू ने कहा, साल 2014 में भारत में 4.6 करोड़ यात्री आए, और हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़ाकर 157 हो जाने के बाद आज हम देश में लगभग सात करोड़ लोगों को आते हुए देख रहे हैं। इनमें से 35 प्रतिशत से अधिक लोग केवल छुट्टियों और मनोरंजन के लिए भारत आ रहे हैं। उन्होंने हवाई यात्रा को आम आदमी के करीब लाने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की 'उड़ान' योजना की सराहना की।

# एमसीडी की रिक्त सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर शुक्रवार को निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

भाजपा उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला।

स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है।

इस चुनाव परिणाम के साथ, भाजपा के पास अब समिति में 10 सदस्य हैं जबकि सत्तारूढ़ आप के पास केवल आठ हैं।

यह पहली बार है कि चुनाव आप और कांग्रेस पार्षदों की भागीदारी के बिना हुआ।

भाजपा पार्षद कमलजीत सहरावत के पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी।

# भारत में भर्ती में आ रही तेजी, नये लोगों को लेने पर जोर: एक्सेंचर सीईओ




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा और परामर्श कंपनी एक्सेंचर भारत में अपने नियुक्ति कार्यक्रम को बढ़ा रही है, जिसमें नये लोगों पर खासतौर से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कंपनी की सीईओ जूली स्वीट ने यह जानकारी दी।

एक्सेंचर की चेयर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वीट ने एक निवेशक वार्ता के दौरान कॉलेज से हाल में स्नातक करने वालों की भर्ती के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने कहा कि इन नई नियुक्तियों में से अधिकांश भारत में होंगी, जिसे कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विकास चालक के रूप में देखा जाता है। कंपनी का वित्त वर्ष सितंबर से अगस्त तक चलता है। इस तहत कंपनी नये वित्त वर्ष में प्रवेश कर रही है।

स्वीट ने कहा, ''हम मुख्य रूप से भारत में नियुक्तियां कर रहे हैं... भारत में बहुत सी नियुक्तियां प्रौद्योगिकी से संबंधित हैं, और निश्चित रूप से यह इस समय हमारे कार्यबल को नया बनाएगा। इसलिए नये कॉलेज स्नातकों की भर्ती की जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''हम पूरी दुनिया में नियुक्तियां करते हैं, और प्रौद्योगिकी में वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में बहुत अधिक नियुक्तियां होंगी।''

# भारत ने उज्बेकिस्तान के साथ द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और उज्बेकिस्तान ने शुक्रवार को द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य दोनों देशों के निवेशकों का विश्वास बढ़ाना है। भारत सरकार और उज्बेकिस्तान सरकार के बीच बीआईटी पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उज्बेकिस्तान के उप प्रधानमंत्री खोदजायेव जमशेद अब्दुखाकिमोविच ने ताशकंद में हस्ताक्षर किए।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीआईटी प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय गतिविधियो के मद्देनजर भारत में उज्बेकिस्तान के निवेशकों और उज्बेकिस्तान में भारतीय निवेशकों को उचित सुरक्षा का भरोसा देता है।

इसमें कहा गया कि यह मध्यस्थता के माध्यम से विवाद निपटान के लिए एक स्वतंत्र मंच देगा और निवेशकों को गैर-भेदभाव का भरोसा देगा।

# भाजपा जम्मू में आतंकवाद के फिर उभार के लिए जनता से माफी मांगे : उमर अब्दुल्ला



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उधमपुर/जम्मू/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि अपेक्षाकृत शांत रहने वाले जम्मू संभाग में हाल में हुए आतंकवादी हमले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कथित नाकामी दिखाते हैं और पार्टी को जम्मू-कश्मीर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के लिए नेकां, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को जिम्मेदार ठहराकर पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दिया है।


पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद की क्या स्थिति है जहां हमारे बहादुर बल के जवानों को अक्सर निशाना बनाया जाता है? भाजपा को पहले जवाब देना चाहिए कि 2014 के बाद जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद क्यों फैला, खासकर पिछले तीन वर्षों में जब हमले बढ़े हैं।''

उन्होंने कहा, ''जम्मू का कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां पर आतंकवादी हमले नहीं हुए हों, फिर चाहे चिनाब घाटी हो, पीर पंजाल क्षेत्र हो या रियासी, कठुआ,उधमपुर, जम्मू और सांबा हो... यह उनकी (भाजपा सरकार की) नाकामी को प्रतिबिंबित करता है और पार्टी को इसे स्वीकार कर जनता से माफी मांगनी चाहिए।''

उमर ने उधमपुर पूर्व विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सुनील वर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा के इतर उमर ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का संदर्भ दिया जिन्होंने नेकां, कांग्रेस और पीडीपी को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन
FLATS FOR SALE
PURVA BLUBELLE
Adjacent to Magadi road Metro station
Rajajinagar Centre of the City
3 bedroom & Exclusive 5 bedroom Flats + servant room with all luxurious Amenities,
Contact : 9844027560

# राकांपा (एसपी) नेता की पत्नी ने कलाम की तुलना लादेन से की, कार्रवाई की मांग



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता जितेंद्र आव्हाड की पत्नी रूटा आव्हाड की उस विवादित टिप्पणी की आलोचना हो रही है जिसमें उन्होंने आतंकवादी ओसामा बिन लादेन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के बीच समानता बतायी। रूटा ने बृहस्पतिवार को ठाणे में बच्चों को संबोधित करते हुए यह विवादास्पद टिप्पणी की और बच्चों को सलाह दी कि वे लादेन की जीवनी पढ़ें ताकि वे समझ सकें कि वह आतंकवादी कैसे बना। उन्होंने कार्यक्रम में कहा, आपको ओसामा बिन लादेन की जीवनी अवश्य पढ़नी चाहिए। एपीजे अब्दुल कलाम का राष्ट्रपति बनना, ओसामा बिन लादेन के आतंकवादी बनने के समान ही है। लेकिन वह आतंकवादी क्यों बना? यह समाज ही था जिसने उसे ऐसा बनने पर मजबूर किया। अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के पूर्व सांसद आनंद परांजपे ने शुक्रवार को लादेन और उसके आतंकवादी संगठन अलकायदा का 'महिमामंडन' करने के लिए रूटा आव्हाड के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। रूटा आव्हाड की टिप्पणी का जिक्र करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, '' 'इंडिया' गठबंधन के सभी दलों का आतंकवादियों के प्रति नरम रुख है।''

# भूमि अधिसूचना रद्द करने के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी से पूछताछ की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल(एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी शुक्रवार को भूमि अधिसूचना रद्द करने के एक मामले में पूछताछ के लिए लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए। लोकायुक्त अधिकारी ने बताया, गंगेनाहल्ली अधिसूचना रद्द करने के मामले में उनसे पूछताछ की गई। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने पिछले सप्ताह लोकायुक्त से पूर्व मुख्यमंत्रियों बी.एस. येडीयुरप्पा और कुमारस्वामी के खिलाफ भूमि की कथित अधिसूचना रद्द करने के संबंध में जांच में तेजी लाने को कहा था।

मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा, दिनेश गुंडू राव और संतोष लाड ने 19 सितंबर को एक संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की और बेंगलुरु उत्तर के कसाबा होबली के गंगेनाहल्ली में 1.11 एकड़ भूमि की अधिसूचना रद्द करने के संबंध में दस्तावेज जारी किए। कुमारस्वामी ने कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने सत्ता में रहते हुए तथा मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कभी भी कोई ऐसा काम नहीं किया जो अवैध हो। लोकायुक्त के समक्ष पेश होने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, गंगेनाहल्ली मामले के संबंध में चार मंत्रियों ने मेरे खिलाफ संवाददाता सम्मेलन किया था। मैंने उस दिन भी कहा था कि मेरा इससे (मामले से) कोई लेना-देना नहीं है। फिर भी उन्होंने प्रचार के लिए हल्की बातें की हैं।

उन्होंने कहा, ... मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि कुमारस्वामी को लोकायुक्त से खतरा है। मैंने सत्ता में रहते हुए ऐसा कुछ भी नहीं किया जो गैरकानूनी हो और जिससे मुझे खतरा हो। यह सरकार मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। कुमारस्वामी ने कहा कि विपक्षी विधायक के तौर पर उन्होंने कई मुद्दे उठाए थे जिससे 2015 में सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार को शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। तब उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा, आज 2024 है, पहले ही कई बार पूछताछ के लिए बयान लिए जा चुके हैं, आज एक बार फिर मुझे बुलाया गया, हाल ही में मैंने मीडिया से सुना कि येडीयुरप्पा को भी बुलाया गया था। मैं पेश हुआ हूं और उनके सभी सवालों के जवाब दे चुका हूं, उन्हें आगे की जांच करने दीजिए, और यह सरकार कानून के अनुसार कोई भी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

# लोकायुक्त पुलिस ने एमयूडीए मामले में सिद्दरामय्या और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/मैसूरु। लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में अदालत के आदेश के बाद मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खरगे ने सिद्दरामय्या का बचाव करते हुए कहा कि पार्टी उनके साथ खड़ी है और उनका समर्थन करेगी। अपने गृह जिले मैसूरु से तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत करने वाले सिद्दरामय्या ने दावा किया कि एमयूडीए मुद्दे में उन्हें निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि विपक्ष उनसे डरा हुआ है और कहा कि यह उनके खिलाफ इस तरह का पहला राजनीतिक मामला है।

उन्होंने यह भी दोहराया कि मामले में उनके खिलाफ अदालत द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद भी वह इस्तीफा नहीं देंगे, क्योंकि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वह कानूनी रूप से मामला लड़ेंगे। इस मामले में सिद्दरामय्या को आरोपी नंबर एक (ए1) बनाया गया है, जबकि उनकी पत्नी बी.एम. पार्वती (ए2), उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी (ए3), देवराजू (ए4) - जिनसे मल्लिकार्जुन स्वामी ने जमीन खरीदकर पार्वती को उपहार में दी थी - और अन्य के नाम मैसूरु में लोकायुक्त पुलिस की प्राथमिकी में दर्ज हैं।

बेंगलूरु की एक विशेष अदालत ने बुधवार को इस मामले में सिद्दरामय्या के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट का यह आदेश उच्च न्यायालय द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्दरामय्या के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है। सिद्दरामय्या पर एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी बी.एम. पार्वती को 14 स्थलों के आवंटन में अनियमितता के आरोप हैं।

पूर्व एवं निर्वाचित सांसदों/विधायकों से संबंधित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए गठित विशेष अदालत ने मैसूरु में लोकायुक्त पुलिस को आरटीआई कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा द्वारा दायर शिकायत पर जांच शुरू करने का निर्देश देते हुए आदेश जारी किया। न्यायालय ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 156 (3) (जो मजिस्ट्रेट को संज्ञेय अपराध की जांच का आदेश देने की शक्ति प्रदान करती है) के तहत जांच करने और 24 दिसंबर तक जांच रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश जारी किए। अदालत ने कहा था, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत कार्रवाई करते हुए, क्षेत्राधिकार प्राप्त पुलिस अर्थात पुलिस अधीक्षक, कर्नाटक लोकायुक्त, मैसूरु को मामला पंजीकृत करने, जांच करने और आज से 3 महीने की अवधि के भीतर सीआरपीसी की धारा 173 के तहत अपेक्षित रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है।

इसमें धारा 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र की सजा), 166 (किसी व्यक्ति को चोट पहुंचाने के इरादे से लोक सेवक द्वारा कानून की अवहेलना), 403 (संपत्ति का बेईमानी से दुरुपयोग), 406 (आपराधिक विश्वासघात के लिए सजा), 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति का वितरण), 426 (शरारत के लिए सजा), 465 (जालसाजी के लिए सजा), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 340 (गलत तरीके से कारावास), 351 (हमला) और भारतीय दंड संहिता की अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों को सूचीबद्ध किया गया था। अदालत ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 9 और 13 तथा बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धारा 3, 53 और 54 तथा कर्नाटक भूमि अधिग्रहण निषेध अधिनियम, 2011 की धारा 3, 4 के तहत दंडनीय अपराधों को भी सूचीबद्ध किया था। स्नेहमयी कृष्णा ने मैसूरु के लोकायुक्त एसपी उदेशा टी जे की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी लड़ाई की एक और जीत है।

उन्होंने कहा कि वे इस मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा, प्रारंभिक चरण में ही प्राथमिकी दर्ज करने में देरी हो जाती है...क्या यह माना जा सकता है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ ईमानदार जांच होगी? नहीं। इसलिए हम इस मामले को सीबीआई को सौंपने के लिए लड़ेंगे। सिद्दरामय्या तीन दिवसीय दौरे पर मैसूरु पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने शक्ति और समर्थन प्रदर्शित करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया; कई भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तब खदेड़ दिया जब वे उस बैठक स्थल की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे जिसमें मुख्यमंत्री भाग लेने वाले थे। एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्दरामय्या की पत्नी को मैूरु के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया जिसका मूल्य एमयूडीए द्वारा अधिग्रहीत की गई उनकी भूमि की तुलना में अधिक था।



# कोथास कॉफ़ी की अब इंस्टेंट कॉफ़ी भी लॉन्च

बेंगलूरु। गत 75 वर्षों से लोगों को फिल्टर कॉफी का टेस्ट करने वाले कोथास कॉफ़ी कंपनी ने 27 सितम्बर को सेंचरी क्लब में अपना नया लोगो एवं इंस्टेंट कॉफी लॉन्च की। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक सीएस नितिन ने बताया कि उनके दादा ने सन 1949 में मल्लेश्वरम मे छोटे से आउटलेट से कोथास कॉफी का व्यवसाय शुरू किया था। कोथास कॉफ़ी अब देश में ही नहीं विदेश में भी अपनी पहचान बन चुकी है। उनका लक्ष्य अगले 5 वर्षों में 1000 करोड़ का बिजनेस करना है। नितिन ने बताया कि उनके जिगनी स्थित प्लांट में न केवल कॉफी बनती है साथ ही कॉफी से जुड़े अनेक उत्पाद कोल्ड कॉफी इंस्टेंट कॉफी एवं बॉन बॉन कॉफी लोगों में काफी लोकप्रिय हो चुकी है। उनकी कंपनी में बने उत्पाद भारत सहित कई देशों में बेचे जा रहे हैं जल्द ही दुबई में उनका एक बड़ा आउटलेट शुरू होने वाला है। वर्तमान में कर्नाटक में उनके साथ बड़े स्टोर हैं।

इस अवसर पर कंपनी के चीफ ऑपरेशनल ऑफिसर गणेश श्रीनिवास ने कॉफी उत्पादन एवं कॉफ़ी की ब्लेंडिंग के बारे में बताया। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन सीके श्रीनाथन भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के साथ खड़ी है, पार्टी उनका समर्थन करेगी : मल्लिकार्जुन खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के साथ खड़ी है और उनका समर्थन करेगी क्योंकि वह मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस द्वारा की जा रही जांच का सामना कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से सिद्दरामय्या के इस्तीफे की मांग को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि ना तो आरोपपत्र दाखिल किया गया है और ना ही उन्हें दोषी ठहराया गया है। खरगे ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''जब गोधरा कांड हुआ था, तो क्या (नरेन्द्र) मोदी जी ने (गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के पद से) इस्तीफा दे दिया था? उस समय उनके खिलाफ भी कई मामले लंबित थे, यहां तक कि शाह (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) के खिलाफ भी।'' भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने के नैतिक अधिकार पर सवाल उठाने पर एक सवाल के जवाब में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने की बात कही गई है।

यहां संवाददाताओं से बातचीत में खरगे ने कहा, किसी व्यक्ति विशेष की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए उसे निशाना न बनाएं, उसकी



वजह से पार्टी को भी नुकसान होगा। आपकी (भाजपा की) रुचि कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने में है, किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने में नहीं। आज वह यहां हो सकते हैं या नहीं हो सकते हैं, लेकिन पार्टी काम करती रहेगी। सिर्फ कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के आधार वोट को नष्ट करने के लिए वह (भाजपा) ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कानून को अपना काम करने दीजिए और जब कोई स्थिति आएगी तो पार्टी उस समय इसकी समीक्षा करेगी।

खरगे ने कहा, ''अब वहां कुछ भी नहीं है, (लेकिन) हर दिन मैं देख रहा हूं कि एमयूडीए, एमयूडीए। करोड़ों रुपये कई उद्योगपति निगल गए, उनके 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए गए और अब आप एक छोटे से मुद्दे को लेकर लड़ रहे हैं। इसके अलावा ना तो आरोपपत्र दाखिल किया गया है और ना ही वह दोषी ठहराए गए हैं। प्रतिदिन यही खबर है। मैं इन सब चीजों को देखकर तंग आ चुका हूं।''

यह पूछने पर कि क्या प्राथमिकी दर्ज हो जाने पर भी पार्टी आलाकमान सिद्दरामय्या के साथ खड़ा रहेगा, खरगे ने कहा, ''यह काल्पनिक सवाल है। हम उनके साथ खड़े हैं, हम उनका समर्थन करेंगे क्योंकि वह पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं, ना कि वह केवल एक व्यक्ति हैं।'' एक विशेष अदालत ने बुधवार को लोकायुक्त पुलिस को आदेश दिया था कि वह सिद्दरामय्याा के खिलाफ इस मामल में जांच करे। एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्दरामय्याा की पत्नी को मैसुरु के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया जिसका मूल्य एमयूडीए द्वारा अधिग्रहीत की गई उनकी भूमि की तुलना में अधिक था। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे।

# मुझे निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि विपक्ष मुझसे डरता है : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शुक्रवार को दावा किया कि मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन मामले में उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि विपक्ष उनसे डरता है। इसके साथ ही, सिद्दरामय्या ने कहा कि यह उनके खिलाफ पहला राजनीतिक मामला है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि मामले में अदालत द्वारा उनके खिलाफ जांच का आदेश दिये जाने के बाद भी वह इस्तीफा नहीं देंगे क्योंकि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह कानूनी रूप से लड़ाई लड़ेंगे।

केंद्र सरकार पर सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) जैसी केंद्रीय एजेंसियों और देश भर में विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपाल के कार्यालय का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन में राज्यपाल के 'हस्तक्षेप' के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस की जरूरत है। सिद्दरामय्या ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने कुछ गलत नहीं किया। यह पहली बार है जब मेरे खिलाफ कोई राजनीतिक मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। यह एक राजनीतिक मामला है, कृपया इस बात का ध्यान रखें।

यह पूछे जाने पर कि उन्हें क्यों निशाना बनाया जा रहा है, उन्होंने कहा, क्योंकि वे (विपक्ष) मुझसे डरते हैं। सिद्दरामय्या के इस्तीफे को लेकर भाजपा के प्रदर्शन के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, मैं क्यों इस्तीफा दूं? अगर किसी ने कुछ गलत किया है तो उसे इस्तीफा देना चाहिए। जब हम कह रहे हैं कि कुछ गलत नहीं हुआ है तो फिर इस्तीफे का सवाल कहां उठता है?

# सरकार ने 4,071.11 करोड़ रुपये के निवेश वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में कंपनियों को निवेश के लिए एक ही जगह पर सभी प्रकार की मंजूरी देने वाली समिति ने शुक्रवार को 4,071.11 करोड़ रुपये के निवेश की 88 परियोजनाओं को अनुमति दी। इन परियोजनाओं से राज्य भर में लगभग 10,585 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। राज्य स्तरीय एकल खिड़की मंजूरी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर्नाटक के बड़े, मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल ने की। मंत्री के कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि प्रमुख मंजूरियों में अराट वन वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड और डेयरी क्लासिक आइसक्रीम प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव शामिल हैं। इन दोनों की क्रमशः 485 करोड़ रुपये और 285 करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। पाटिल ने कहा कि स्वीकृत परियोजनाएं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देंगी।

उन्होंने बताया कि समिति ने 50 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी निवेश वाली 14 प्रमुख बड़ी और मध्यम परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें कुल राशि 2,031.76 करोड़ रुपये है और इनसे लगभग 3,302 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, 15 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये तक के निवेश वाली 68 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनमें से 1,355.07 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश होगा और लगभग 5,049 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मंत्री ने कहा कि 684.28 करोड़ रुपये की छह अतिरिक्त पूंजी निवेश परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। इनसे लगभग 2,234 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।



# वी सोमन्ना ने तुमकूरु-यशवंतपुर एमईएमयू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

## क्षेत्रीय रेलवे नेटवर्क को मिलेगा बढ़ावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तुमकूरु। रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने शुक्रवार को तुमकूरु रेलवे स्टेशन पर ट्रेन सं. 06521 तुमकूरु-यशवंतपुर एमईएमयू (मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) सेवा को हरी झंडी दिखाई। इससे क्षेत्रीय रेलवे नेटवर्क को बढ़ावा मिलेगा। इस सेवा के शुरू होने से तुमकूरु और यशवंतपुर के बीच संपर्क में काफी वृद्धि होने, दैनिक यात्रियों के लिए स्थानीय यात्रासेवा में सुधार होने तथा अधिक कुशल परिवहन विकल्प उपलब्ध होने की उम्मीद है।

इस समारोह में तुमकूरु शहर विधायक जीबी ज्योति गणेश, तुमकुरु ग्रामीण विधायक बी सुरेश गौड़ा, तुरुवेकेरे विधायक एमटी कृष्णप्पा, चिक्कनायकनहल्ली विधायक सीबी सुरेश बाबू, पूर्व सांसद जीएस बसवराजू, पूर्व विधायक निंगप्पा और नरेंद्र बाबू मौजूद थे। इसमें बेंगलूरु मंडल के डीआरएम योगेश मोहन और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

### रेलवे परियोजनाओं की घोषणा की

वी सोमन्ना ने अपने संबोधन में तुमकूरु स्टेशन पर हाल ही में वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टॉप जोड़कर लोगों की एक प्रमुख मांग पूरी होने पर प्रकाश डाला। मंत्री ने क्षेत्रीय विकास के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए आगामी रेलवे परियोजनाओं की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि बेंगलूरु और तुमकूरु के बीच चार लाइन का औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में विकास और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा यातायात का दबाव कम करने और शहरी गतिशीलता में सुधार लाने के लिए जल्द ही बेंगलूरु के आसपास एक सर्कुलर और उपनगरीय रेलवे प्रणाली लागू की जाएगी।

### लाइनों पर चल रहा काम

सोमन्ना ने यह भी बताया कि अर्सिकेरे और तुमकूरु के बीच 220 करोड़ रुपए की लागत से एक स्वचालित सिग्नलिंग कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ट्रेन परिचालन की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि तुमकूरु-रायदुर्ग और तुमकूरु-चित्रदुर्ग-दावणगेरे रेलवे लाइनों पर काम अच्छी तरह से चल रहा है। इन परियोजनाओं के जल्द से जल्द पूरा होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मौजूद विधायकों ने एमईएमयू सेवा के शुभारंभ के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने तुमकूरु और बेंगलूरु के बीच दैनिक यात्रा करने वाले लोगों को लाभान्वित करने में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

# भाजपा ने कर्नाटक सरकार पर सीबीआई को दी गई सहमति वापस लेने को लेकर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन विवाद के बीच राज्य में मामलों की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर शुक्रवार को कांग्रेस की आलोचना की और इसे एक पेशेवर चोर और 'भ्रष्ट पार्टी' का कदम करार दिया। कांग्रेस सरकार के इस कदम को कथित तौर पर मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से जुड़े एमयूडीए घोटाले की सीबीआई जांच से बचने का प्रयास करार देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह निर्णय अपने आप में उसके 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत को दर्शाता है। उन्होंने सिद्दरामय्या के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के नैतिक अधिकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'एमयूडीए घोटाले में हजारों करोड़ रुपये हड़प लिए गए। इसके बाद कांग्रेस ने वह कर दिखाया है जो किसी प्रमाणित चोर और लुटेरा' से अपेक्षित होता है। कानून के लंबे हाथों से बचने के लिए, उसने राज्य में जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पेशेवर चोर और पेशेवर भ्रष्ट पार्टी की तरह व्यवहार कर रही है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि कांग्रेस का रवैया पहले चोरी और फिर सीनाजोरी करने का बन गया है। कर्नाटक और अन्य राज्यों में जहां कांग्रेस सत्ता में है, उसका यही रवैया है। एमयूडीए भू आवंटन मामले में आरोप है कि सिद्दरामय्या की पत्नी बी एम पार्वती को मैसूरु के एक पॉश इलाके में मुआवजे के तौर पर जो भूखंड आवंटित किये गये थे, उनकी कीमत एमयूडीए द्वारा अधिग्रहीत की गयी जमीन की तुलना में काफी अधिक थी। पूनावाला ने आरोप लगाया कि 5,000 करोड़ रुपये के एमयूडीए घोटाले में अपनी कथित संलिप्तता के बाद से सिद्दरामय्या वही रुख' अपना रहे हैं जो ऐसे मामलों में कांग्रेस का रहा करता है। एमयूडीए भूमि आवंटन विवाद के बीच संघीय एजेंसी को 'पक्षपातपूर्ण' करार देते हुए कर्नाटक सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली थी।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद फैसले की घोषणा करते हुए कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा, यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग नहीं कर रही है। यह कदम विपक्षी भाजपा द्वारा एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग के बीच उठाया गया है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस जमीन से जुड़ी हुई पार्टी है और जहां-जहां वह सत्ता में आती है वहां अनुसूचित जाति और जनजाति की जमीन अपने रिश्तेदारों के नाम पर कर देती है। उन्होंने कहा कि एमयूडीए घोटाला मामले में इतने सारे प्रमाण आने के बाद मुख्यमंत्री के पास कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है कि अपने पद पर बने रहें। उन्होंने कहा, क्या यह एक संयोग है या सोचा समझा प्रयोग है कि इतने सारे प्रमाण और अदालत के निर्णय के बाद कांग्रेस ने अपनी चोरी छुपाने के लिए सीबीआई को रोका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उनके खिलाफ कई एजेंसियों को जांच के लिए लगाया गया था लेकिन कभी भी गुजरात सरकार ने या मोदी ने इस तरह का रवैया नहीं अपनाया था। पूनावाला ने कहा, मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने हर जांच का सहयोग किया था।



# ग्रामीण बस पास लागू करने के लिए सिद्दरामय्या को बधाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिवानंद तगादुरू के नेतृत्व में गृह कार्यालय कावेरी में दशकों का सपना रही ग्रामीण बस पास सुविधा को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, राज्य कोषाध्यक्ष वासुदेव होल्ला, बेंगलूरु शहर इकाई के महासचिव नरेंद्र पारेकट, टीवी9 राजनीतिक अनुभाग प्रमुख प्रमोद शास्त्री, न्यूज18 राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख चिदानंद पटेलया और कई अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर बस पास सुविधा दिलाने में मदद करने वाले मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के.वी. प्रभाकर को कर्नाटक वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# विधायक ने भाजपा में आए कांग्रेस पार्षदों का गंगाजल व गोमूत्र छिड़ककर शुद्धिकरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के विधायक बालमुकुंद आचार्य ने पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस पार्षदों का 'शुद्धिकरण' किया। आचार्य हाथोज धाम मंदिर के महंत भी हैं। उन्होंने हाल ही में हेरिटेज नगर निगम के महापौर कार्यालय का और कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए पार्षदों का गंगाजल और 'गोमूत्र' छिड़ककर 'शुद्धिकरण' किया। यह वाकया बुधवार को हुआ जब जयपुर हेरिटेज नगर निगम की कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव ने कार्यभार संभाला। तब महापौर कार्यालय में मौजूद महंत बालमुकुंद आचार्य ने 'शुद्धिकरण' किया।

इस दौरान मौजूद कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि 'शुद्धिकरण' का उद्देश्य किसी को भ्रष्ट बताना नहीं था और हिंदू संस्कृति में यह एक सामान्य परंपरा है। वहीं कांग्रेस के एक नेता के अनुसार, विडंबना है कि भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोग अपने 'पापों-अपराधों' से मुक्त हो जाते हैं। जयपुर हेरिटेज नगर निगम (जेएमसीएच) कार्यालय में बुधवार को विधायक ने भ्रष्टाचार से कार्यालय को प्रतीकात्मक रूप से शुद्ध करने और हाल ही में भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस पार्षदों का स्वागत करने के लिए गंगाजल और गोमूत्र के मिश्रण का इस्तेमाल किया। यह कदम निगम की पूर्व महापौर मुनेश गुर्जर को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते पद से हटाए जाने के बाद उठाया गया है। उनकी जगह भाजपा ने कुसुम यादव को कार्यवाहक महापौर नियुक्त किया है। यादव को कांग्रेस के सात पार्षदों और भाजपा में शामिल हुए एक निर्दलीय पार्षद का भी समर्थन प्राप्त है।



यादव के औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करने से पहले बालमुकुंद आचार्य ने जेएमसीएच परिसर, पार्षदों और अधिकारियों के लिए 'शुद्धिकरण समारोह' आयोजित किया। वैदिक मंत्रों के साथ इसकी अगुवाई करने वाले आचार्य ने कहा, हमने निगम को गंगाजल से शुद्ध किया है, सभी अशुद्धियों को दूर किया है। अब, नई महापौर के कार्यभार संभालने के बाद हम पवित्रता के माहौल में काम करेंगे। अनुष्ठान के दौरान, आचार्य ने भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस पार्षदों पर प्रतीकात्मक रूप से गंगाजल और गोमूत्र का मिश्रण छिड़का और दावा किया कि इस शुद्धिकरण अनुष्ठान ने उन्हें सनातनी में बदल दिया है।

आचार्य ने कहा, उनकी सारी अशुद्धता या भ्रष्टाचार साफ हो गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारी भी शुद्धिकरण प्रक्रिया से गुजरे। आचार्य ने कहा, वे अशुद्धता के प्रभाव में थे, भ्रष्टाचार में लिप्त होने के लिए मजबूर थे। लेकिन अब, इस समारोह के बाद, वे शुद्ध हो गए हैं और ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे। इस असामान्य अनुष्ठान ने कुछ लोगों को चौंका दिया। लेकिन उपस्थित पार्षदों में से एक मनोज मुदगल ने कहा कि इस अनुष्ठान का उद्देश्य निगम को भ्रष्टाचार और नकारात्मकता से मुक्त करना था। उन्होंने कहा, हिंदू संस्कृति में शुद्धिकरण के लिए गंगाजल और गोमूत्र का उपयोग करना सामान्य प्रथा है। एक अन्य पार्षद पारस जैन ने उनका समर्थन करते हुए कहा, आचार्य कार्यालय को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए अनुष्ठान कर रहे थे।

कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि क्या अनुष्ठान का मतलब यह है कि पार्षद भ्रष्टाचार में लिप्त थे। कांग्रेस पार्षद सुशीला देवी ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी को भ्रष्ट करार देना नहीं था। उन्होंने कहा, वे केवल हमें नहीं, बल्कि पूरे परिसर को शुद्ध कर रहे थे। आचार्य ने खुद पत्रकारों से बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह अनुष्ठान जेएमसीएच के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने दावा किया, आज से यह निगम भ्रष्टाचार मुक्त है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव स्वर्णिम चतुर्वेदी ने कहा कि यह अजीब बात है कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोग अपने 'पापों' से मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा, राज्य और केंद्र में भाजपा के नेता पहले कांग्रेस नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय जांच ब्यूरो केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा धमकाया जाता है, लेकिन जब वे भाजपा में शामिल होते हैं तो वे अपने अपराधों से मुक्त हो जाते हैं।

# संजीवनी सोसायटी मामले में एसओजी ने अदालत में 'यू टर्न' लिया : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी मामले में अदालत द्वारा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने संबंधी याचिका का निपटारा किए जाने को लेकर विशेष कार्य समूह (एसओजी) पर निशाना साधा है। गहलोत ने 900 करोड़ रुपये से अधिक के संजीवनी क्रेडिट सोसायटी भ्रष्टाचार मामले में शेखावत को घेरा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के विशेष कार्य समूह (एसओजी) ने अदालत में 'यू-टर्न' ले लिया। राजस्थान उच्च न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में केंद्रीय मंत्री शेखावत को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। गहलोत ने इसके बाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बृहस्पतिवार शाम लिखा, संजीवनी प्रकरण को लेकर केन्द्रीय मंत्री शेखावत द्वारा दायर एक मुकदमे में उच्च न्यायालय का फैसला वर्तमान में अदालत के सामने एसओजी द्वारा रखे गए तथ्यों के आधार पर आया है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद एसओजी ने उच्च न्यायालय में 'यू-टर्न' ले लिया। पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, इस मामले के जांच अधिकारी (आईओ) को भी हटा दिया गया एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा नामित सरकारी वकीलों ने भी केन्द्रीय मंत्री का ही पक्ष लिया। इस सबके बावजूद उच्च न्यायालय ने मंत्री की याचिका के अनुरूप प्राथमिकी को रद्द नहीं किया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत की इजाजत लेकर आगे कार्रवाई की जा सकती है।



गहलोत ने कहा, एसओजी ने 12 अप्रैल 2023 को राजकीय अधिवक्ता को लिखे गए पत्र में इस मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजी, जिसके पेज नंबर सात पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत एवं उनके परिजनों की अपराध में संलिप्तता की बात लिखी है और उन्हें आरोपी माना गया है। इस रिपोर्ट में लिखा है कि जिन कंपनियों की संलिप्तता संजीवनी घोटाले में है उनसे शेखावत का सीधा संबंध है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि इस मामले के कई पीड़ितों ने उनसे मुलाकात की जिसके बाद उन्होंने एसओजी से इस मामले की जानकारी मांगी। एसओजी ने राज्य के गृहमंत्री के रूप में मुझे इन तथ्यों एवं इस प्रकरण की प्रगति से अवगत करवाया। गहलोत ने कहा कि उनका गजेन्द्र शेखावत के प्रति कोई व्यक्तिगत द्वेष नहीं है। उन्होंने कहा कि एसओजी से मिली जानकारी के आधार पर ही उन्होंने मीडियाकर्मियों के सामने शेखावत एवं उनके परिजनों पर लगे आरोपों की जानकारी रखी। उन्होंने कहा शेखावत ने कल भी अपने बयानों में अपनी दिवंगत माताजी पर लगे आरोपों का जिक्र किया। मैं उनकी माताजी का सम्मान करता हूं लेकिन राज्य के गृहमंत्री के रूप में मेरे सामने लाए गए तथ्यों को पीड़ितों एवं जनता के सामने रखना मेरा कर्तव्य था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में सरकार बदलने के बाद एसओजी पर भाजपा सरकार ने दबाव बनाया, जिसके कारण एसओजी ने अदालत में 'यू-टर्न' लिया और इन्हें आरोपी नहीं माना। कांग्रेस नेता ने मांग की कि उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल गठित कर इस प्रकरण की जांच की जाए जिससे पता चले कि कांग्रेस शासन में एसओजी द्वारा गलत जांच की गई या अभी दबाव में एसओजी ने गलत रिपोर्ट तैयार की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय इस मामले में एसओजी ने 'फॉरेंसिक ऑडिट' तक करवाकर भी जांच की थी। उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य लाखों पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित कर उनकी मेहनत की कमाई उनको वापस दिलवाना है। यह मामला वर्ष 2008 में राजस्थान सोसाइटी अधिनियम के तहत पंजीकृत संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़ा है। संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड ने राजस्थान में 211 और गुजरात में 26 शाखाओं सहित भारत के कई अन्य राज्यों में भी अपनी शाखाएं खोलीं, जिसमें करीब 1,46,993 निवेशकों से कथित तौर पर 953 करोड़ रुपये से अधिक की निवेश राशि हासिल कर ठगी की गई।

## पौधारोपण



शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-52 पर सुकेत टोल पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया।

धनखड़ ने धर्मांतरण पर कहा

# 'शुगर कोटेड फिलॉसफी' बेची जा रही है, कमजोर तबकों को निशाना बनाया जा रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण हो रहा है जो हमारे मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। धनखड़ ने साथ ही कहा कि 'शुगर कोटेड फिलॉसफी' बेची जा रही है और समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाया जा रहा है। धनखड़ ने परोक्ष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग सनातन धर्म में विश्वास नहीं करते और इसे संकट मानते हैं, वे मूर्खता के प्रतीक हैं।

उपराष्ट्रपति ने यहां हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला 2024 में उद्घाटन भाषण में कहा कि यह बहुत खतरनाक है और यह नीतिगत, संस्थागत और सुनियोजित साजिश के तहत हो रहा है। धनखड़ ने कहा 'शुगर कोटेड फिलॉसफी' बेची जा रही है। आदिवासियों सहित समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाया जा रहा है और उन्हें प्रलोभन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम धर्म परिवर्तन देख रहे हैं और यह हमारे मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। ऐसी भयावह ताकतों को बेअसर करने की तत्काल आवश्यकता है। हमें सतर्क रहना चाहिए और तेजी से कार्य करना चाहिए। आप कल्पना नहीं कर सकते कि वर्तमान में भारत को खंडित करने में सक्रिय लोगों की सीमा कितनी है।



धनखड़ ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, मैं इस बात से चिंतित हूं कि कुछ लोगों को देश और विदेश में उन लोगों के साथ बैठने का साहस कहां से मिलता है जो राष्ट्र के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा, जो लोग इस राष्ट्र को तोड़ना चाहते हैं, जो सनातन को नहीं मानते और जो सनातन को संकट मानते हैं, वे मूर्खता की पराकाष्ठा हैं...।

उन्होंने कहा कि यह चुप रहने का समय नहीं है यह सदी भारत की है, यह सदी सनातन धर्म की भूमि की है। धनखड़ ने यह भी कहा कि संविधान की प्रस्तावना सनातन धर्म का सार दर्शाती है। उन्होंने कहा, हमारे संवैधानिक मूल्य सनातन धर्म से निकले हैं। संविधान की प्रस्तावना सनातन धर्म का सार दर्शाती है। सनातन समावेशी है! सनातन ही मानवता को आगे बढ़ाने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि हमारे सामने कुछ ऐसे मुद्दे हैं जो चुनौतीपूर्ण हैं, जिनका समाधान विश्व को भारत ही दे सकता है। धनखड़ ने कहा, आज भी हिंदू समाज में सेवा का भाव प्रबल रूप से विद्यमान है। जब देश में कोविड का संकट आया, हमने देखा कि यह भाव कितना प्रबल रहा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आक्रमणकारी आएं, विदेशी ताकतें आईं, उनका शासन रहा फिर भी हमारे सेवा संस्कार में कोई कमी नहीं रही। लोग इस पथ पर चलते रहे।



# विश्व पर्यटन दिवस : पर्यटकों का तिलक लगा और माला पहनाकर किया स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विश्व पर्यटन दिवस पर शुक्रवार को राजधानी के पर्यटन स्थलों व संग्रहालयों पर देशी-विदेशी सैलानियों का राजस्थानी परंपरानुसार स्वागत सत्कार किया गया। पर्यटकों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। पर्यटन स्थलों पर लोगों को निशुल्क प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर शहर के आमेर महल, हवा महल, जंतर मंतर सहित सभी पर्यटन स्थलों पर राजस्थानी लोकरंग की छटा बिखरी रही है। विदेशी पर्यटक कालबेलिया कलाकारों के साथ नाचते भी नजर आए। इन सभी पर्यटन स्थलों पर लोक कलाकारों की ओर से कालबेलिया नृत्य, कच्ची घोड़ी नृत्य, कठपुतली नृत्य, बहरुपिया, शहनाई वादन आदि मनमोहक प्रस्तुतियां सुबह से ही दी गईं। इस वर्ष का विश्व पर्यटन दिवस विभाग की ओर से टूरिज्म एण्ड पीस (पर्यटन और शांति) की थीम पर मनाया गया।

पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विभाग की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इन कार्यक्रमों की श्रंखला के तहत मुख्य कार्यक्रम अल्बर्ट हॉल पर आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक संध्या है। इसमें उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। अल्बर्ट हॉल पर आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों को जयपुर घराने का परम्परागत कथक व राजस्थानी लोक नृत्यों की जुगलबंदी देखने को मिली। अपने आप में अनूठी कोरियोग्राफी से सजी इस सांस्कृतिक संध्या के दौरान कालबेलिया व घूमर नृत्य की भी प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर आरटीडीसी जोधपुर के मारवाड़ हॉल का वर्चुअल उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की ओर से किया गया।

उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग घरेलू और विदेशी पर्यटकों को राज्य पर्यटन की ओर आकर्षित करने के लिए समय समय कई ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे वह राजस्थान की लोक कला व संस्कृति और स्वागत-सत्कार का अनुभव कर सके और राजस्थान से अमिट यादगार लेकर अपने राज्य व देशों को लौट सकें।

विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पर्यटन दिवस के अवसर पर जयपुर की विरासत के प्रति जागरुकता एवं ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उदेश्य से आमेर के सागर पर सफाई अभियान चलाया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों और वॉलियंटर्स ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही आमेर महल में पर्यटन एवं पर्यटक विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आमेर महल के पर्यटन में नवाचार एवं नवीन संभावनाओं को तलाशना एवं पर्यटको की संख्या में बढ़ोतरी करने संबंधित उपायों पर चर्चा किया जाना है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राजधानी के सभी पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की निशुल्क एंट्री रही। निशुल्क प्रवेश होने के कारण पर्यटक भी बड़ी संख्या में पर्यटक स्थल देखने पहुंचे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गयी।

पुलिस के अनुसार खेतापुरा गांव में बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया, जिससे मोटरसाइकिल पर सवार घासी कोली (35) और मुकेश कोली (28) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मंगवाकर ट्रॉली के नीचे दबे दोनों युवकों को बाहर निकाला।

मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गये तथा शव को रखकर सड़क जाम की तथा प्रदर्शन किया।



# गौ-वंश के सुरक्षा एवं विकास को लेकर राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध है : कुमावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। गोपालन एवं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राजस्थान सरकार गौ-वंश की सुरक्षा एवं विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। कुमावत शुक्रवार को बालोतरा के समदड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत करमावास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 68 वीं वॉलीबाल और वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होने कहा कि राजस्थान सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। राज्य सरकार द्वारा करमावास गांव के पशु उपकेंद्र को पशु अस्पताल में बदलने की घोषणा की गई है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को 6 हजार रूपये से बढ़ाकर 8 हजार रूपये बढ़ाने का कार्य किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में अनेक प्रकार के विकास कार्य करवाये जा रहे है। इससे पूर्व सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल ने केङ्बिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का स्वागत कर क्षेत्र की मुख्य मांगो से प्रभारी मंत्री को अवगत करवाया। उन्होने गांव के भामाशाहों का आभार प्रकट कर सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ बधाई भी दी।

# प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव की तैयारी पूर्ण

जयपुर। दुर्गापुरा स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तीन अक्टूबर से नवमी बारह अक्टूबर तक मनाया जाएगा। तीन अक्टूबर को अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को प्रातः सात से सवा सवा बजे तक महंत महेंद्र भट्टाचार्य के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर नवरात्रा का मंगल घट स्थापना ब्रह्म मुहूर्त में किया जाएगा। जिसके पश्चात दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। प्रथम नवरात्रि को शैल पुत्री के रूप में माता की पूजा की जाएगी। इसी तरह नौ दिनों तक ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्माण्डेति, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री नवदुर्गा के रूप में पूजा की जाएगी। नौ दिनों तक सप्तशती के पाठ होगा और माता के दर्शन लाभ होंगे ।



# जनता का विश्वास, प्यार और आस्था ही उनके जीवन की प्रेरणा है : राज्यपाल

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का शुक्रवार को महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजी नगर में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें रामचंद्र मंदिर (मठ) बालाजी ट्रस्ट गाउण्ड पर अपार जनसमूह के मध्य आयोजित भव्य समारोह में 'देवगिरी गौरव' सम्मान से विभूषित किया। बागड़े को महाराष्ट्र के विभिन्न भागों से आए लाखों की संख्या में उपस्थित समूह ने भावभरा अभिनंदन करते हुए उनके लिए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए 'अभिष्टचिंतन' किया। उन्हें प्रदत्त 'देवगिरी गौरव' प्रशस्ति पत्र में उनके सार्वजनिक जीवन के अंतर्गत किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें महाराष्ट्र के गौरव से अलंकृत किया गया।

गडकरी ने इस अवसर पर कहा कि राज्यपाल बागड़े जमीन से जुड़े लोकप्रिय व्यक्तित्व हैं। कृषि, सहकारिता और विभिन्न अन्य विषयों में गहन दृष्टि के साथ सार्वजनिक जीवन में शुचिता के मूल्यों के साथ उन्होंने सदा आदर्शों की स्थापना की है। अन्य वक्ताओं ने भी उनके ओजपूर्ण व्यक्तित्व, राष्ट्रीयता के सरोकारों की चर्चा करते हुए उनके सार्वजनिक जीवन को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उनका मन से अभिनंदन किया।



# जम्मू कश्मीर के लोगों ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कश्मीर के युवा राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं और उन्होंने आतंकवाद एवं हिंसा को खारिज कर दिया है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, '' यह ऐतिहासिक अवसर है जब जम्मू कश्मीर के लोगों ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है । उन्होंने गोलियों को करारा जवाब दिया है।'' वर्तमान चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के वास्ते प्रचार करने जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा, ''(पिछले दो चरणों में) मतदान शांतपूर्ण संपन्न हो गया। इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ।'' उन्होंने चुनाव को जम्मू कश्मीर में शांति एवं विकास की जीत बताया। उन्होंने कहा, '' पिछले दो चरणों में मतदान ने दिखा दिया है कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति, स्थायित्व और विकास चाहते हैं। हम इस चुनाव को इसी तरह देख रहे हैं।''

# देश ही नहीं, दुनिया भर के पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है उत्तर प्रदेश : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामना देते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रदेश आज देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने 'विश्व पर्यटन दिवस' पर अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीते साल 46 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश आए और अब उप्र धार्मिक, आध्यात्मिक, हेरिटेज और ईको टूरिज्म का हब बन चुका है। यहां जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि अगले साल मकर संक्रांति से 26 फरवरी तक प्रयागराज में लगने वाले 'महाकुंभ2025' के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक और धार्मिक परंपरा का हृदय स्थल उत्तर प्रदेश आज देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के पर्यटकों को लुभाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में गत वर्ष उप्र में 46 करोड़ से अधिक



पर्यटकों ने राज्य के अलग-अलग धार्मिक आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म या हेरिटेज टूरिज्म के स्थलों का भ्रमण किया है।

योगी ने कहा कि ये पर्यटक उप्र के अंदर केवल पर्यटन की दृष्टि से नहीं आते बल्कि रोजगार सृजन में भी इनकी बड़ी भूमिका है। पर्यटन गतिविधियां विरासत और विकास के बेहतरीन समन्वय को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। उन्होंने कहा, ''आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से देखें तो रामायण सर्किट, कृष्ण सर्किट, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट आदि हमारे पास हैं। आज काशी में बाबा विश्वनाथ धाम करोड़ों पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। अयोध्या, वृंदावन, गोकुल, बरसाना ने दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित किया है।'' उन्होंने बताया कि बौद्ध पर्यटन की दृष्टि से सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशाम्बी, संकिसा दुनिया भर के बौद्ध श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। वहीं जैन टूरिज्म की दृष्टि से उप्र में अनेक संभावनाएं हैं।

योगी ने कहा कि अयोध्या जैन तीर्थंकरों की जन्मस्थली है, काशी की पावन धरा पर अनेक जैन तीर्थंकर अवतरित हुए थे। कुशीनगर की पावा नगरी जैन तीर्थंकरों की पावन धरा के रूप में आज भी हमारे लिए पूज्य बनी हुई है। विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज कुंभ दुनियाभर के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। उन्होंने पर्यटन के विविध क्षेत्रों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार पर्यटकों की सुविधा और रुचि के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# झारखंड में भारी भ्रष्टाचार, बिना पैसे के कुछ नहीं होताः शिवराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को झारखंड की झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर विभिन्न योजनाओं के लिए राज्य को भेजे गए केंद्रीय धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि मनरेगा के लिए मिले धन के उपयोग की जांच शुरू की जाएगी।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार पर सीधा हमला करते हुए उसे पेपर लीक सरकार करार दिया और उस पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।



लातेहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, झारखंड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है, बिना पैसे के यहां कुछ नहीं होता। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने विभिन्न योजनाओं के लिए आए केंद्रीय धन का जमकर दुरुपयोग किया। हम मनरेगा में अनियमितताओं की गहन जांच शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि लोग झामुमो नीत गठबंधन को उसके कुशासन के लिए कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से इस वर्ष के अंत में होने वाले 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के चुनावों में इस सरकार को सत्ता से बाहर करने का आग्रह किया।

चौहान ने कहा, आबकारी पुलिस भर्ती अभियान के दौरान कुव्यवस्था के कारण 16 युवकों की मौत हो गई। हेमंत सोरेन सरकार के अत्याचार, आतंक और कुशासन के कारण लोग लगातार भय में जी रहे हैं। उन्होंने कहा, पूरा देश देख रहा है कि कैसे झामुमो झारखंड के युवाओं को सुनहरे भविष्य के सपने दिखाकर उनकी सांसें छीन रही है। सत्ता के मद में अंधी हो चुकी सरकार को युवाओं का दर्द, उनकी बेबसी नहीं दिख रही।

चौहान ने वादा किया कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो वह 'सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' के तहत लोगों को मुफ्त सौर ऊर्जा उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा झामुमो नीत सरकार की 'मंईयां सम्मान योजना' के 1000 रुपए प्रतिमाह की तुलना में महिलाओं को मिलने वाला मासिक मानदेय दोगुना कर 2,000 रुपए प्रति माह किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन की 'मंईयां सम्मान योजना' भाजपा शासित मध्य प्रदेश की 'लाडली बहना योजना' की नकल है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह भी वादा किया कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो सभी को शौचालय युक्त घर और गैस कनेक्शन दिया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश के बदायूं में संदिग्ध जंगली जानवरों के पदचिन्ह मिलने से ग्रामीण डरे

**बदायूं/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में तेंदुए और भेड़िये के आतंक के बीच जिले के कादरचौक थाना इलाके में ग्रामीण अब कृषि क्षेत्रों में संदिग्ध जंगली जानवरों के पैरों के निशान मिलने से डरे हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

कादरचौक थाना इलाके के नूरपुर गांव निवासी किसान यादराम और महिपाल सिंह समेत स्थानीय लोगों ने दावा किया कि ये निशान तेंदुआ या भेड़िये की मौजूदगी का संकेत देते हैं। यह सूचना मिलने के बाद वन विभाग की एक टीम ने मौका-मुआयना करने के बाद उसे सियार के पद चिन्ह होने का दावा किया है। वन विभाग की रेंजर आकांक्षा गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि सदर तहसील के कादरचौक क्षेत्र के गांव नूरपुर के लोगों ने खेतिहर क्षेत्र में कुछ पंजों के निशान देखे। इसके बाद गांव वासियों के बीच तेंदुआ आने का शोर मच गया। गुप्ता ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर टीम को लेकर गांव के जंगलों और गांव वालों के साथ उन जगहों की छानबीन की गयी जहां पदचिन्ह पाये गये थे। रेंजर गुप्ता ने टीम के साथ पैरों के निशानों की जांच की और नमूने एकत्र किए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें सतर्क रहना चाहिए, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि तेंदुआ या भेड़ियों को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि पैरों के निशान कुत्ते या सियार के होने का संकेत देते हैं।




## झारखंड में 'मंईयां सम्मान योजना' जारी रहेगी : कल्पना ने महिलाओं को दिया भरोसा


**जमशेदपुर/भाषा।** झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड की महिलाओं को आश्वासन दिया कि 'मंईयां सम्मान योजना' बिना किसी रुकावट के जारी रहेगी और उन्होंने भाजपा के उस बयान के प्रति आगाह किया जिसमें इस योजना को चुनावी स्टंट बताया गया है। पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम में मंईयां सम्मान योजना यात्रा को संबोधित करते हुए उन्होंने विस चुनावों के मद्देनजर कार्यक्रम के भविष्य के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए भाजपा सहित विपक्षी दलों की आलोचना की। सोरेन ने प्रकाश डाला कि झारखंड के गठन के बाद पहली बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पहल को शुरू करके 18-50 वर्ष की महिलाओं के कल्याण को प्राथमिकता दी है, जिसके तहत राज्य की आधी महिला आबादी को 1,000 रुपए प्रति माह प्रदान किया जाता है। उन्होंने भाजपा के इस दावे को खारिज कर दिया कि चुनाव के बाद यह कार्यक्रम समाप्त कर दिया जाएगा।

# केंद्र समग्र विकास के लिए जल्द पर्यटक स्थलों की 'मास्टर सूची' जारी करेगा : शेखावत

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को कहा कि सरकार जल्द ही पर्यटक स्थलों के समग्र विकास के लिए एक 'समर्पित मास्टर सूची' जारी करेगी और यह 'अतुल्य भारत' के अविश्वसनीय स्थलों को वैश्विक मंच पर सामने लाने का एक नया प्रयास होगा। विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में यहां विज्ञान भवन में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में शेखावत ने यह भी कहा कि 'चलो इंडिया' अभियान के तहत आने वाले समय में एक लाख विदेशी पर्यटकों को वीजा शुल्क से छूट दी जाएगी।



उन्होंने अपने मंत्रालय की एक पहल 'पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी' शुरू करने की भी घोषणा की जो देशभर के 50 पर्यटक स्थलों तक विस्तृत है। इन गंतव्यों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का श्री विजय पुरम (पहले पोर्ट ब्लेयर), बिहार में बोधगया, दिल्ली, गुजरात में अहमदाबाद और केवडिया, जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर और झारखंड में रांची शामिल हैं। विश्व पर्यटन दिवस हर साल एक विशेष विषय (थीम) के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय 'पर्यटन और शांति' है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विकास और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। शेखावत ने कहा कि पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है जो हर किसी को जोड़ता है और संस्कृतियों और देशों के बीच की दूरी को पाटता है। मंच पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू और पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मौजूद थे। शेखावत ने कहा, ''हम इस सूची को सार्वजनिक करेंगे ताकि निजी निवेश और उद्योगों के हितधारक भी इसमें योगदान दे सकें... और 'देखो अपना देश' साइट को भी इसमें शामिल किया जाएगा।'' 'देखो अपना देश' अभियान शुरू होने के बाद घरेलू पर्यटन में एक 'बड़ा उछाल' दिखा है।




# कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक छह करोड़ रोजगार सृजित करने का खाका तैयार : गिरिराज सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने 2030 तक वस्त्र क्षेत्र में 4.5-6 करोड़ रोजगार सृजित करने के लिए खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के बाजार का आकार इस समय 165 अरब डॉलर से बढ़ाकर 350 अरब डॉलर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कपड़ा मंत्रालय के 100 दिवसीय कार्यक्रम पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, ''हमने जो 100 दिवसीय मसौदा तैयार किया है, उसमें आगे चलकर वस्त्र क्षेत्र में लाखों करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित करना शामिल है। हमने 2030 तक 4.5 करोड़ से छह करोड़ रोजगार सृजित करने के लिए मसौदा तैयार किया है।'' उन्होंने कहा कि पहले स्वीकृत सात पीएम-मित्र एकीकृत मेगा कपड़ा पार्कों के पूरी तरह से चालू होने पर 70,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा, जिससे 21 लाख नौकरियां पैदा होंगी। मंत्री ने पिछली कांग्रेस नीत सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे पहले तीन महीनों में कुछ नहीं करती थीं, जबकि मोदी सरकार ने 100 दिन के मसौदे के साथ शुरुआत की है। सिंह ने कहा, ''पहले जब नई सरकार बनती थी, तो 3 महीने तक वे अभद्र भाषा का प्रयोग करते थे। जो वे (राहुल गांधी का स्पष्ट संदर्भ देते हुए) इस समय विदेश में कर रहे हैं। दूसरी ओर, मोदी सरकार ने पहले 3 महीनों में विकास का खाका तैयार किया है।''

# भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं : मुख्यमंत्री माझी ने जिलाधिकारियों से कहा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने यहां लोक सेवा भवन में आयोजित जिलाधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार का भ्रष्टाचार के खिलाफ अटल रुख है कि इससे समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने इसी के साथ ओडिशा के आदिवासियों, दलितों और हाशिये पर रह रहे अन्य समुदायों की समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

माझी ने कहा, ''भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में भ्रष्टाचार से समझौते का कोई सवाल ही नहीं है। मैंने महसूस किया है कि पिछले प्रशासन में देरी के कारण महत्वपूर्ण अनियमितताएं और परियोजना लागत में वृद्धि हुई थी।'' उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि उनके संज्ञान में कोई अनियमितता सामने आती है तो उनकी जांच करें। मुख्यमंत्री ने कहा, '' हम किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। जहां तक मेरा सवाल है तो यह मेरी ओर से स्पष्ट संदेश है।'' उन्होंने जिला प्राधिकारियों को दोबारा आश्वस्त किया कि विकास कार्य के लिए धन उपलब्ध है लेकिन परियोजनाओं को लागू करने में देरी की उन्होंने आलोचना की।

## मुझे एक इंस्पेक्टर ने थाने से 'बाहर निकलने' के लिए कहा थाः ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अतीत की एक घटना का जिक्र किया जब एक पुलिस निरीक्षक ने उन्हें थाने से ''बाहर निकल जाने'' को कहा था। माझी ने दो दिवसीय कलेक्टर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। मुख्यमंत्री बनने से बमुश्किल एक महीने पहले हुए घटनाक्रम की चर्चा करते हुए माझी ने कहा कि क्योंझर निर्वाचन क्षेत्र में रायसुआन और गोपीनाथपुर पंचायत के निवासियों ने दो मई को राष्ट्रीय राजमार्ग-20 को अवरुद्ध कर पेयजल संकट को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था और उस समय ओडिशा में चुनाव जारी था। माझी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनकी चिंताओं को विभाग के कार्यकारी अभियंता के समक्ष उठाएंगे। हालाँकि, जब तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ सेठी ने प्रदर्शनकारियों को थाने में आमंत्रित किया, तो उन्होंने विधायक के रूप में माझी की भूमिका की उपेक्षा करते हुए वहां उनकी उपस्थिति पर सवाल उठाया। माझी ने कहा, ''इंस्पेक्टर ने आदर्श आचार संहिता लागू होने की बात कहते हुए थाने में मेरी उपस्थिति पर सवाल उठाया और कहा कि 'बाहर निकल जाओ', अन्यथा गिरफ्तार कर लूंगा।'' उन्होंने सवाल किया, ''क्या एक विधायक, जो उम्मीदवार भी हो, लोगों की समस्याओं को लेकर थाने नहीं जा सकता?''

## रमेश ने पर्यावरण संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष कलिता पर तंज कसा



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पर्यावरण से संबंधित संसद की स्थायी समिति के प्रमुख भुवनेश्वर कलिता पर शुक्रवार को तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने (रमेश) राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के रूप में उनका स्थान लिया था और अब वह स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में उनकी जगह लेंगे। कलिता पांच अगस्त, 2019 को अचानक राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। उसी दिन जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने से संबंधित विधेयक संसद में लाया गया था। वह उस समय सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक थे। उनके जाने के बाद कांग्रेस ने यह जिम्मेदारी रमेश को सौंपी। अब राज्यसभा के अंतर्गत आने वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद कलिता को सौंपी गई है। रमेश इस समिति में सदस्य हैं, हालांकि इससे पहले वह इस समिति की अध्यक्षता कर रहे थे।

## उप्रः टेस्ट मैच के दौरान कानपुर स्टेडियम के अंदर बांग्लादेशी प्रशंसक की पिटाई

**कानपुर (उप्र)/भाषा।** कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच देख रहे एक बांग्लादेशी प्रशंसक की कथित तौर पर पिटाई कर दी गई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस बांग्लादेशी प्रशंसक को 'टाइगर रॉबी' के नाम से जाना जाता है। वह बाघ की वेशभूषा में था और स्टेडियम की सी ब्लॉक बालकनी में खड़ा था, जहां यह घटना हुई। 'पीटीआई-वीडियो' के एक क्लिप में देखा जा सकता है कि चिकित्सा अधिकारी और सुरक्षाकर्मी बांग्लादेशी प्रशंसक को स्टेडियम से बाहर ले जा रहे हैं। बाद में, उन्होंने उसे एक कुर्सी पर बिठाया और पानी पिलाया। वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि प्रशंसक ने इशारा किया कि उसकी पीठ के निचले हिस्से पर मुक्का मारा गया है।

# बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित पहले दिन आकाश दीप और अश्विन ने किया प्रभावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कानपुर/भाषा।** तेज गेंदबाज आकाश दीप (34 रन पर दो विकेट) अपनी शुरुआती स्पैल में प्रभावी रहे तो वही ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो को चलता कर बारिश से प्रभावित दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को भारत को मजबूत स्थिति में रखा।

मौसम के पूर्वानुमान से पहले से ही बारिश की संभावना थी और शुरुआती दिन सिर्फ 35 ओवर को खेल संभव हो सका। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिए थे। इस समय मुशफिकुर रहीम (छह) और



मोमिनुल हक (40) क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने इस दौरान अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन अश्विन की गेंद पढ़ने में नाकाम रहे और 31 रन बनाकर पगबाधा हो गये। बीती रात बारिश होने के कारण आउटफील्ड गीली हो गई थी जिससे दिन का खेल एक घंटे की देर से शुरू हुआ था। भारत ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया जिससे स्थानीय स्पिनर कुलदीप यादव को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ा। बादल की आंखमिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया। आकाशदीप वामहस्त बल्लेबाजों के लिए 'राउंड द विकेट' गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने में सफल रहे। उनकी सटीक लाइन लेंथ से सामंजस्य बैठाने में बांग्लादेश के बल्लेबाजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने शुरुआती ओवरों से ही बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन (शून्य) और शदमन इस्लाम (24) को परेशान किया। हसन ने अतिरक्षात्मक रवैया अपनाया तो वहीं इस्लाम ने रन बनाने के मौकों को पूरी तरह से भुनाया।

बुमराह की बाहर निकलती गेंदें कई बार स्टंप और बल्ले के बाहरी किनारे के करीब से गुजरी तो वहीं सिराज की गेंद बल्ले से टकरने के बाद स्लिप में खड़े क्षेत्ररक्षकों तक पहुंचने से पहले ही टप्पा खा गयी।

## प्रधानमंत्री के 'एकाधिकार मॉडल' ने नौकरियां छीन लीं, एमएसएमई को तबाह कर दियाः राहुल

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एकाधिकार मॉडल' ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है। राहुल ने पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जम्मू-कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे-व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है। 'मोदी जी के एकाधिकार मॉडल' ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है।'' उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी अक्षम नीतियों के माध्यम से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने भारत को उत्पादक अर्थव्यवस्था से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उनका कहना था, ''इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न ही सभी भारतीयों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''भारत बेहतर का हकदार है। हमें व्यापक अवसर और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी को सरल बनाना चाहिए और छोटे व्यवसायों के लिए बैंकिंग प्रणाली को खोलना चाहिए।''



## सुविचार

**जिंदगी संवारनी है तो लोगों की नहीं, खुद की सुननी शुरू कर दो!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कागजी शेर

भारतीय पर्वतारोहियों द्वारा अरुणाचल प्रदेश की एक चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखे जाने के बाद चीन का नाराजगी जताना अनुचित है। इन पर्वतारोहियों ने अपने देश में स्थित एक चोटी का नाम महान आध्यात्मिक गुरु के नाम पर रखा है। ऋषियों और संतों का सम्मान करना हमारी संस्कृति है। चीन को इस पर ऐतराज क्यों है? उसकी सरकार का न तो अध्यात्म के साथ कोई संबंध है और न ही अरुणाचल प्रदेश से कोई लेना-देना है! दूसरों के मामलों में टांग अड़ाना चीन की आदत हो गई है। उसके नेता और अधिकारी यह भी जानने की कोशिश नहीं करते कि वे जिस जमीन पर दावा कर रहे हैं, उसका इतिहास क्या है! राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान (एनआईएमएएस) की टीम ने जिस चोटी पर चढ़ाई की, उस पर आज तक कोई नहीं गया था। यह निश्चित रूप से उसकी बहुत बड़ी उपलब्धि है, जिसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। उसने चोटी का नाम छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखा, जिनका जन्म अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हुआ था। इस नामकरण से भारत एवं तिब्बत के आध्यात्मिक संबंध और गहरे होंगे। साथ ही, देश-विदेश के लोगों को त्सांगयांग ग्यात्सो के बारे में पता चलेगा। इससे चीन का नाजायज दावा भी कमजोर पड़ेगा, जिसकी अरुणाचल प्रदेश पर दशकों से कुदृष्टि है। एनआईएमएएस की उक्त कामयाबी पर चीन इसलिए भी भड़क रहा है, क्योंकि यह संस्थान रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है। भारत की रक्षा से जुड़े लोग बुलंदियों तक पहुंचेंगे तो चीन क्यों नहीं भड़केगा? चीन एक ओर तो दलाई लामा के बारे में दुष्प्रचार करता है, तिब्बतवासियों की आवाज दबाने के लिए क्रूरतापूर्वक पूरी ताकत लगाता है, दूसरी ओर अरुणाचल प्रदेश पर इस आधार पर दावा करता है, क्योंकि छठे दलाई लामा का जन्म यहां हुआ था! यह तो बीजिंग का घोर पाखंड है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान का अरुणाचल प्रदेश को 'जांगनान' कहना भी हास्यास्पद है। क्या मनमर्जी के नाम थोपने से कोई इलाका चीन का हो जाएगा? चीन ने अप्रैल 2023 में एक और शिगूफा छोड़ा था, जिसके तहत अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों को चीनी नाम दे दिए थे। वास्तव में ऐसी हरकतें भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की चालें हैं। चीन चाहता था कि इसके जवाब में भारत की ओर से सिर्फ नरम-नरम बयान आएं, जबकि भारत सरकार ने न केवल सख्त शब्दों में ऐतराज जताया, बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अरुणाचल प्रदेश के किबिथू गांव में 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम की शुरुआत भी कर दी थी। इससे चीन को स्पष्ट संदेश मिल गया था कि उसकी 'गीदड़ भभकियां' यहां नहीं चलेंगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान के इन शब्दों में इतिहास के संबंध में उनका अज्ञान (जो बीजिंग ने भरा है) झलकता है कि 'भारत के लिए चीनी क्षेत्र में 'अरुणाचल प्रदेश' स्थापित करना अवैध और अमान्य है'! लिन महाशय को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अधकचरे साहित्य के बजाय ऐसी किताबें पढ़नी चाहिएं, जिनमें इतिहास की सही-सही और निष्पक्ष जानकारी हो। अरुणाचल प्रदेश तो हमेशा से ही भारत का रहा है। यह भारत का अभिन्न अंग है। यहां के मंदिर, मठ, ऐतिहासिक स्थल, परंपराएं, कथाएं, बोलियां ... सबकुछ विशुद्ध रूप से भारतीय हैं। उनका चीन से कोई संबंध नहीं है। यह योग एवं ध्यान की भूमि है। यहां के कण-कण में भारतीय दर्शन एवं अध्यात्म है। भारत सरकार को चाहिए कि वह समय-समय पर अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों का नामकरण भारतीय संतों, दार्शनिकों, महापुरुषों, सुधारकों और योद्धाओं के नाम पर करती रहे। इससे लोगों को उन दिव्य आत्माओं के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। वहीं, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की छटपटाहट भी खुलकर सामने आएगी। दुनिया को पता चलेगा कि चीन एक कागजी शेर है, जिसके आका कोरी बयानबाजी से ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। ऐसे कार्यक्रमों में तिब्बती समुदाय को खास तौर से शामिल किया जाए।

## ट्वीटर टॉक



आज रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण यादव जी के समर्थन में जाटव बस्ती, आदर्श नगर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर उनके पक्ष में मतदान करने तथा भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



सनातन संस्कृति के प्रखर स्वर, सेवा व त्याग की प्रतिमूर्ति श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की जयंती पर उन्हें स्मरण कर नमन करता हूँ। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में उनका योगदान और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की स्थापना के लिए उनके संघर्ष अविस्मरणीय हैं।

**-जेपी नड्डा**



भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व श्री जसवंत सिंह जी जसोल की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। स्व. श्री जसवंत सिंह जी ने अनेक महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों को सुशोभित करते हुए देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया।

**-वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# देशप्रेम का नमक

वर्ष 1930 में नमक सत्याग्रह आंदोलन के दौरान मुंबई में खासी गहमागहमी थी। अंग्रेज आंदोलनकारियों को पकड़ते, जमकर पीटते और ले जाकर जेल में बंद कर देते थे। इसी दौरान एक दिन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में एक दक्षिण भारतीय महिला दनदनाते हुए घुस आई। उस महिला और उसके साथ आए लोगों ने स्टॉक एक्सचेंज में नमक की पुड़िया बेचनी शुरू कर दी। उन्होंने घंटे भर में नमक की पुड़िया बेचकर चालीस हजार रुपये इकट्ठा कर लिए। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मजिस्ट्रेट ने उनसे पूछा, 'नमक कानून क्यों तोड़ा?' महिला ने जवाब दिया, 'देश हमारा, हवा हमारी, पानी हमारा, नमक हमारा, तुम फिरंगी कौन होते हो हमसे यह पूछने वाले?' जवाब सुनकर मजिस्ट्रेट उन्हें जेल भेजने के लिए फैसला लिखने लगा। पांच मिनट के अंदर कोर्ट रूम में शोर मच गया। मजिस्ट्रेट ने नजर उठाई तो देखा कि महिला कोर्ट रूम में ही नमक बेचने लगी थी। अब मजिस्ट्रेट बोला, 'मैं कुछ ही दिन के लिए जेल भेज रहा था, मगर अब आपको नौ महीने का कठिन कारावास दिया जाता है।'

## सामयिक

# सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखना क्यों जरूरी?

**आर.के. सिन्हा**

अगर आप अपने आसपास किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, तब आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया का लत हमारे सारे समाज को दीमक की तरह खा रहा है। इसकी गिरफ्त में नादान बच्चे खासतौर पर आ चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां पर 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेल कूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए ? यह जानने के लिए रॉकेट साइंट पढ़ने की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे अपने देश में बच्चों को खेलों के मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों तक से भी दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाटअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये। वहां पर बुजुर्ग सैर करते हुए तो मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत ही कम संख्या में खेलते हुए मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रेक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों।का हाल। जब बच्चे खेलेंगे ही नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे? क्या कोई हमें पदक मुफ्त में ही दे देगा?

चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। लेकिन, इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शोषण, और अनेकों प्रकार के व्यसनों का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है।

बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने ही होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। मैं मानता हूं कि समय आ गया है कि माता- पिता और स्कूल के अध्यापकों को बच्चों से सोशल मीडिया के बारे में नियमित रूप से खुली बातचीत करें। उन्हें इसके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में बताया जाये। हमें बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में भी लगातार प्यार से पूछताछ करनी चाहिए। उन्हें खेलों के अलावा संगीत, नृत्य या किसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। नोएडा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी अनादि बरूआ बच्चों को फुटबॉल की कोचिंग देते हैं। इसी तरह से साउथ दिल्ली में मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी और बैडमिंटन रैफरी तुलसी दुरेजा बच्चों को बैडमिंटन के गुर बताते-सिखाते हैं। अनादि बरूआ और तुलसी दुरेजा जैसे पूर्व खिलाड़ी देश के सभी छोटे-बड़े शहरों में कोचिंग दे रहे हैं। यह बहुत मामूली सी फीस लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वह इस तरह के नामी खिलाड़ियों के पास अपने बच्चों को ले जाएं। जाहिर है कि जब बच्चे खेलेंगे तो उनके पास सोशल मीडिया के लिए वक्त ही नहीं बचेगा।

बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना एक कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। मैं मानता हूं कि अगर परिवार के सदस्य पहले की तरह एक साथ खाने, खेलने और बातचीत में समय व्यतीत करें तो भी सोशल मीडिया से दूरी बनाई जा सकती है। याद करें उस दौर की जब सारा परिवार घर के मुखिया के साथ सुबह-शाम को साथ बैठकर भोजन करता था। अब कितने परिवारों में भोजन सब मिल-बैठकर साथ-साथ करते हैं। अब तो परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भोजन भी अलग-अलग तरह का पक रहा होता है। यानी घर अब होटल बन गया है। जैसे होटल के अलग-अलग कमरों में ठहरने वाले लोग रूम सर्विस से अपने पसंद का खाना मँगवाते है, वही अब घरों में भी होने लगा है ! क्या पहले यह होता था? यह तो भारतीय संस्कार नहीं थे।

यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार से ही सीखते हैं। यदि आप खुद सोशल मीडिया का लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो बच्चों के लिए इसका उपयोग सीमित करना मुश्किल होगा। बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को चाहिए कि सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में अपने व्यवहार से एक अच्छा उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करें। अब घर के बड़े सदस्य भी फेसबुक या इंस्टा पर अपनी फोटो डाल रहे होते हैं। उसके बाद कई उत्साही लोग तो अपने दोस्तों को फोन भी करते हैं कि उनकी पोस्ट पर लाइक या कमेंट करें। जब अभिभावक ही सोशल मीडिया को दिन-रात वक्त देने लगे हैं तो वह अपने बच्चों को इससे कैसे दूर कर सकेंगे। उन्हें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा। आप अपने घर के सदस्यों पर डाइनिंग रूम या बेडरूम में सोशल मीडिया से जुड़ने पर रोक लगा सकते हैं।

आप अपने बच्चों से बात कर सकते हैं कि सोशल मीडिया को बहुत वक्त देना क्यों सही नहीं है। उन्हें साइबरबुलिंग के बारे में बताएं। अब यह भी जान लें कि साइबरबुलिंग क्या है? दरअसल साइबरबुलिंग डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से की जाने वाली बदमाशी है। यह सोशल मीडिया, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, गेमिंग प्लेटफॉर्म और मोबाइल फोन पर हो सकती है। इसका उद्देश्य लोगों को डराना या शर्मिंदा करना है। अब आप इसे कुछ उदाहरणों से भी समझ लें। सोशल मीडिया पर किसी के बारे में झूठ फैलाना या उसकी शर्मनाक तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करना। मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से अपमानजनक या धमकी भरे संदेश, चित्र या वीडियो भेजना। साइबर बुलिंग के शिकार लोगों पर इसका बहुत गहरा असर पड़ता है। इसलिए माता-पिता या घर के किसी बड़े सदस्य को चाहिए कि वह सोशल मीडिया में दिन-रात बर्बाद करने वाले सदस्य को इसके खतरों से आगाह करें।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

## चिंतन

# बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या के लिए जिम्मेदार कौन?

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
**मोबाइल नं. 082374 17041**

देश में बढ़ती जानलेवा बीमारियां, मानसिक तनाव, घटती जीवन प्रत्याशा और असमय मौत में हमारी आधुनिक जीवनशैली की खास भूमिका है। आधुनिक जीवनशैली जीने वाले युवाओं में दिल का दौरा पड़ने की संभावना अधिक होती है। छोटे बच्चों से लेकर किशोरवयीन युवाओं तक खेलते हुए चक्कर आकर गिरने की घटनाएं आजकल देखने-सुनने मिलती है, बैठे-बैठे लोग चक्कर आकर गिर जाते है और चिकित्सक बताते है कि हृदयघात हुआ है। बहुत बार आवश्यक आपातकाल चिकित्सकीय सहायता न मिलने के कारण जान चली जाती है। आज हम वो खा-पी रहे हैं जो पशु के खाने लायक भी नहीं है। हमारे पारंपरिक खाद्य पदार्थों की जगह पाश्चिमात्य फास्ट फूड और अस्वास्थ्यकर आहार आ गया है। छोटी-सी जबान के जायके के लिए सम्पूर्ण शरीर को नुकसान पहुंचाया जाता है। ये बड़ी दुख की बात है, कि हम खाद्य व्यंजनों का चयन स्वाद के आधार पर करते है, जबकि ये सर्वदा स्वास्थ्य के आधार पर होने चाहिए। अक्सर देखा जाता है कि अधिकतर लोग पेट भरने के लिए खाते है, लेकिन वे कितनी कैलरी, किस प्रकार, किस गुणवत्ता में ले रहे है, शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा लगातार बढ़ रही, पाचन तंत्र कमजोर हो रहा है, इसका विचार नहीं करते। भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी, अस्वच्छता, अशुद्ध हवा पानी, पर्याप्त नींद न लेना, बढ़ता वजन, व्यायाम की कमी, अशुद्ध वातावरण, शोर, काम का दबाव, घरेलू कलह, मानसिक तनाव, नशाखोरी से बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। मानवीय शरीर पहले के दशक के मुकाबले कमजोर प्रतीत हो रहा है, अब मौसम बदलते ही मानवीय शरीर को विविध बीमारियां जल्द जकड लेती है, क्योंकि रोग प्रतिकारक शक्ति कम हो रही है।

तले हुए खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत मांस, अतिरिक्त चीनी वाले खाद्य पदार्थ व पेय, वसायुक्त खाद्य पदार्थ, नमकीन पदार्थ, मैदा युक्त पदार्थ, सोडा, उच्च वसायुक्त डेयरी उत्पाद, आइसक्रीम, ट्रांस वसा, मक्खन, लाल मांस, आलू चिप्स, फ्रेंच फ्राईज, कुकीज़, पाम तेल, पिज़्ज़ा, बेकन, बेक्ड उत्पाद, सफेद चावल, सफेद ब्रेड, पास्ता, सॉसेज, पॉलिश अनाज, डिब्बाबंद सूप या फूड कंपनियों के प्रक्रिया किये गए पदार्थ, मानवीय शरीर के लिए अस्वास्थ्यकर होते है क्योंकि इनसे हमें आवश्यक पोषकतत्वों की जरुरत पूरी नहीं होती, इनका प्रयोग न हो तो बेहतर है, लेकिन चीनी और नमक का उपयोग बंद नहीं कर सकते, लेकिन मर्यादित करना या अन्य पर्याय जरूरी है। ये पदार्थ शरीर में स्लो पॉइजन के रूप में काम करते है और सीमा के बाहर होने पर शरीर में मौजूद ख़राब तत्व बढ़ते हुए मानवीय अंगों को विफल करते हुए घातक बीमारी में तब्दील हो जाते है।

भारत में अधिकांश मौतों और विकलांगताओं के लिए हृदय संबंधी बीमारियाँ जिम्मेदार हैं। साल 2022 में भारतीयों में दिल के दौरे में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुयी। अस्वास्थ्यकर आहार, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह और अधिक वजन ये जोखिम अब देश में कुल बीमारी के बोझ का एक चौथाई हिस्सा है। गैर-संचारी रोग देश में होने वाली सभी मौतों में से 60 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं। लगभग 5.8 मिलियन भारतीय हर साल हृदय और फेफड़ों की बीमारियों, स्ट्रोक, कैंसर और मधुमेह से जान गवांते है। कैंसर और मधुमेह की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ-साथ हृदय रोग दो दशकों से ज्यादा समय से भारत में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक रहा है। विश्व स्तर पर 2021 में सबसे बड़ा हत्यारा इस्केमिक हृदय रोग रहा, जो दुनिया में होने वाली सभी मौतों में से 13 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है।

भारत में तनाव का स्तर संयुक्त राज्य अमेरिका सहित यूके, जर्मनी, फ्रांस, चीन, ब्राजील और इंडोनेशिया जैसे देशों की तुलना में अधिक है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के नवीनतम 2023 इंडिया वेलनेस इंडेक्स के अध्ययनों के मुताबिक भारत में हर तीसरा व्यक्ति तनाव का सामना कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 77 प्रतिशत भारतीय नियमित आधार पर तनाव के कम से कम एक लक्षण का अनुभव करते हैं। भारत में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है, प्रति 1,00,000 लोगों पर केवल 0.07 मनोचिकित्सक और 0.12 मनोचिकित्सक नर्सें हैं। अक्सर, इन पेशेवरों के पास अवसाद से निपटने के लिए बहुत कम या कोई प्रशिक्षण नहीं होता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन 2024 के अनुसार, दुनिया में भारतीयों की संख्या सबसे अधिक है, जो प्रति सप्ताह औसतन 45 घंटे से अधिक काम करते हैं, विशेषत निजी संस्थानों और व्यवसायों में। इसमें हमारा देश भूटान, लेबनान, लेसोथो, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान जैसे देशों से भी पीछे है।

बड़े-बड़े कारखानों से रसायनयुक्त जहरीला पानी और धुंआ आसपास के वातावरण में जहर घोलता है। खेतों में भी बड़ी मात्रा में हानिकारक रासायनिक खादों का प्रयोग होता है। अभी हाल ही में नए अध्ययन से पता चला है कि भारत दुनिया में सबसे अधिक प्लास्टिक प्रदूषण पैदा करता है। देश में सभी प्रकार के प्रदूषण की भी गंभीर समस्या बनी हुई है। हानिकारक अपशिष्ट, मिलावटखोरी की गंभीर समस्या में भी हम अग्रणी है। शहरों की सड़कों पर लोगों की संख्या से ज्यादा गाड़ियों का जाम नजर आता है। अधिकतर राज्यों की कबाड़ बनी सरकारी बस और स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित बसें भी प्रदूषण करती हुई चल रही है। शहरों से होकर बहने वाली अधिकतर नदियाँ तो नालों के स्वरूप में दिखती है। निर्माण स्थल, फैक्ट्री एरिया में अधिकतर मजदूर बगैर मास्क के धूल भरे वातावरण में कार्य करते है। घटते वन, बढ़ते कंक्रीट के जंगल, कचरे के ढेर, ग्लोबल वार्मिंग ने जीव सृष्टि के लिए खतरा पैदा किया है। पूरे वर्ष पल-पल मौसम की स्थितियां बदलती रहती हैं, जिससे साल भर बीमारियों का वायरल चलता रहता है और देश में अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं के बावजूद लगातार अस्पताल मरीजों से हाउसफुल रहते है।

अब इसे नियमों का उल्लंघन कहे या लापरवाही लेकिन इसकी सजा हम सबके मानसिक- शारीरिक स्वास्थ्य को भुगतनी पड़ती है, आर्थिक नुकसान होता है वो अलग। क्या इसमें प्रशासन जिम्मेदार है जो मिलावटखोरी, प्रदूषण, भ्रष्टाचार पर पूर्णत नियंत्रण नहीं रख पा रहा है और सबके लिए पर्याप्त स्वास्थ सुविधा, पोषक आहार, शुध्द जल उपलब्ध नहीं कर पा रहा है। या वो स्वार्थी लोग जिम्मेदार है जो सिर्फ अपने फायदे के लिए गलत काम करके पर्यावरण और आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर नुकसान पहुंचाते है। या फिर हम लोग जिम्मेदार है, जो अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख सकते, क्योंकि अस्वास्थ्यकर आहार, आलस्य, नशाखोरी, अशुद्धता, आधुनिक जीवनशैली हमारे लिए जानलेवा होकर भी हम सुधर नहीं रहे। जिम्मेदारी सबकी है, हम सबको अमूल्य जीवन का मोल समझना होगा। अगर अभी भी जागे तो खुशहाल स्वस्थ भारत बनाकर हर साल स्वास्थ्य समस्याओं पर होने वाले अरबों डॉलर की भी बचत हो सकती है और बढ़ती गंभीर बीमारियों की गति भी धीमी की जा सकती है।

## नजरिया

# डिजिटल युग में फर्जी खबरें

**प्रियंका सौरभ**
**मोबाइल : 7015375570**

डिजिटल युग में फर्जी खबरें (फेक न्यूज) एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं, जिसमें जनता को गुमराह करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित करने की क्षमता है। हालाँकि, गलत सूचना को संबोधित करने में, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(र) के तहत गारंटीकृत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को संतुलित करना आवश्यक है। चुनौती नागरिकों के असहमति व्यक्त करने या राय व्यक्त करने के अधिकार का उल्लंघन किए बिना गलत सूचना का मुकाबला करने में है अर्थात यह सुनिश्चित करने में है कि नियामक उपाय वैध भाषण का दमन न करें। यह पवित्रता ही है जो समाचार को समाज में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। लेकिन फर्जी खबरों की परिघटना समाचार के मूल मूल्यों को निशाना बनाती है, जो असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों या उन उच्च और शक्तिशाली लोगों के निजी हितों को पोषित करती है, जो समाचार की आड़ में अपना निजी एजेंडा आगे बढ़ाते हैं। और जब फर्जी खबरों को डिजिटल पंख लग जाते हैं, तो यह वायरल पत्रकारिता में बदल जाती है। यदि इसका दुरुपयोग किया जाता है, तो यह हिंसा और घृणा फैला सकती है, तबाही मचा सकती है और नागरिक समाज के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है।

आजकल फर्जी खबरें समाचार उद्योग के साथ-साथ समाज के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। इंटरनेट क्रांति ने फर्जी खबरों को फैलाने के लिए एक नरम आधार प्रदान किया है और यह गलत सूचना,




समाचार में अशुद्धि, भ्रामक समाचारों, अर्धसत्य और कभी-कभी अत्यधिक सनसनीखेज रिपोर्टिंग का प्राथमिक कारण बन गया है, जो जनता का ध्यान खींचने और उन्हें गुमराह करने के लिए किया जाता है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर सूचना इतनी तेज गति से फैलती है कि विकृत, गलत या झूठी सूचना वास्तविक दुनिया में कुछ ही मिनटों में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए प्रभाव पैदा करने की जबरदस्त क्षमता रखती है। फ़ेसबुक और ट्विटर जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स और व्हाटसएप जैसे मैसेजिंग ऐप फ़र्जी ख़बरें फैलाने के लिए उपजाऊ प्लेटफ़ॉर्म बन गए हैं। इस पृष्ठभूमि में यह पेपर फ़र्जी ख़बरों की चुनौतियों, समाज पर इसके प्रभाव, फ़र्जी ख़बरों को फैलाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को विनियमित करने में सरकार की भूमिका, सोशल मीडिया के स्व-नियमन और सबसे बढ़कर नागरिकों और युवाओं की ज़िम्मेदारी का मूल्यांकन करने का इरादा रखता है, जो देश का भविष्य हैं।

गलत सूचना की समस्या का मुकाबला करने और वाक स्वतंत्रता की सुरक्षा के बीच संतुलन हासिल करने में कई दिक्कतें हैं। फर्जी समाचार या भ्रामक सूचना जैसे शब्दों के लिए स्पष्ट परिभाषाओं का अभाव कानूनी अस्पष्टता उत्पन्न करता है, जिससे वाक स्वतंत्रता संबंधी अधिकारों का उल्लंघन किए बिना सामग्री को विनियमित करना मुश्किल हो जाता है। गलत सूचना से निपटने के उद्देश्य से किए गए विनियामक उपाय अक्सर सरकारी अतिक्रमण का कारण बन जाते हैं, जहाँ अधिकारी फर्जी खबरों (फेक न्यूज) पर अंकुश लगाने के परिप्रेक्ष्य में असहमति की मुद्दों को दबा सकते हैं। अस्पष्ट विनियमन और कानूनी कार्रवाई के डर से व्यक्तियों में स्व-सेंसरशिप की प्रवृत्ति उत्पन्न हो सकती है विशेष रूप से मीडिया, राजनीतिक व्यंग्य या सक्रियता में, जिससे रचनात्मकता और खुले विचार-विमर्श पर असर पड़ता है।

वाक स्वतंत्रता ,व्यक्तियों को राय व्यक्त करने की अनुमति प्रदान करती है जो सदैव सत्यापित तथ्यों के साथ संरेखित नहीं हो सकता है, जिससे गलत सूचना और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। गलत सूचना पर नियामक नियंत्रण ,अनजाने में खोजी पत्रकारिता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है जिसमें अक्सर शक्तिशाली संस्थाओं के संबंध में असुविधाजनक सच्चाइयों को उजागर करना शामिल होता है। हालाँकि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े खतरों को रोकने के लिए फर्जी खबरों (फेक न्यूज) पर अंकुश लगाना आवश्यक है परंतु अति उत्साही दृष्टिकोण वाक स्वतंत्रता सहित नागरिक स्वतंत्रता को कमजोर कर सकता है। कानून में स्पष्ट और विशिष्ट परिभाषाएँ होनी चाहिए कि फर्जी ख़बरें क्या होती हैं जो जानबूझकर फैलाई गई गलत सूचना और वैध राय के बीच अंतर स्पष्ट करना। उदाहरण के लिए: भारत यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम के समान एक रूपरेखा अपना सकता है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किये बिना स्पष्ट रूप से अवैध सामग्री को रेखांकित करता है। सामग्री की तथ्य-जाँच के लिए स्वतंत्र, गैर-सरकारी निकायों की स्थापना से सरकारी पूर्वाग्रह का जोखिम कम हो सकता है और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकती है। जवाबदेही और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। सामग्री हटाने के अनुरोधों के लिए न्यायिक निगरानी सुनिश्चित करने से मनमाने निर्णयों को रोकने में मदद मिलती है और व्यक्तियों के स्वतंत्र अभिव्यक्ति के अधिकारों की रक्षा होती है। गलत सूचना का दीर्घकालिक समाधान मीडिया साक्षरता में सुधार करने में निहित है, जिससे जनता को स्वतंत्र रूप से समाचार स्रोतों और सूचना का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने में सक्षम बनाया जा सके।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

सम्मानित


तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना के शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता अर्जुन और द्रोणवल्ली हरिका को सम्मानित किया।

# राजनीति का मतलब अब सिर्फ 'सत्ता की राजनीति' रह गया है: गडकरी

छत्रपति संभाजीनगर/भाषा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति वास्तव में समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकास का पर्याय है, लेकिन वर्तमान समय में इसका मतलब केवल सत्ता की राजनीति है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी यहां राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''राजनीति में विचारों में मतभेद की समस्या नहीं, बल्कि विचारों की कमी की समस्या है। राजनीति का अर्थ है 'समाजकरण (समाज सेवा), राष्ट्रकरण (राष्ट्र निर्माण) और विकासकरण (विकास)'। लेकिन अब राजनीति की परिभाषा बदलकर 'सत्ताकरण (सत्ता की राजनीति)' ही रह गई है।''

गडकरी ने कहा, ''पहले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यकर्ता के रूप में काम करते समय, हमें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। कोई पहचान और सम्मान नहीं था। हरिभाऊ बागड़े ने लोगों के कल्याण के लिए समर्पण के साथ काम किया...मैंने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में 20 वर्ष तक विदर्भ की यात्रा की और काम किया।'' उन्होंने कहा, ''लोग हमारी रैलियों पर पत्थर फेंकते थे।

# तुर्किये के राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र में नहीं किया कश्मीर का जिक्र, गाजा पर किया ध्यान केंद्रित

न्यूयॉर्क/भाषा

तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पहली बार इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इस साल मंगलवार को दिये गए लगभग 35 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने गाजा की मानवीय संकट पर ध्यान केंद्रित किया, जहां हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों में 40 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा 2019 में वापस लिए जाने के बाद एर्दोआन ने हर साल यहां यूएनजीए सत्र में दुनियाभर के नेताओं के सामने कश्मीर का उल्लेख किया था। इस दौरान उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ताएं किए जाने का समर्थन किया था। 'डॉन' समाचार पत्र की खबर के अनुसार, हालांकि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कश्मीर के संबंध में तुर्किये के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलोच ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महज एक बयान से कोई भी अनुचित निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए। बलोच ने कहा कि कश्मीर मुद्दे को लेकर तुर्किये का रुख सुसंगत और सिद्धांतों पर आधारित है। एर्दोआन द्वारा कश्मीर का उल्लेख न करने को तुर्किये के रुख में आए स्पष्ट बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। यह ऐसे समय में हुआ है, जब तुर्किये भारत समेत पांच देशों के समूह ब्रिक्स में शामिल होने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान की पूर्व राजनयिक और संयुक्त राष्ट्र में देश की राजदूत रह चुकीं मलीहा लोधी ने तुर्किये के रुख में आए स्पष्ट बदलाव पर टिप्पणी की है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, पिछले पांच वर्षों के विपरीत, (तुर्किये के) राष्ट्रपति एर्दोआन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। उन्होंने 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 में ऐसा किया था। पाकिस्तान का समर्थन करने वाले एर्दोआन ने पहले कई बार कश्मीर मुद्दा उठाया है, जिसके चलते भारत और तुर्किये के बीच संबंधों में तनाव देखा जा चुका है। एर्दोआन ने पिछले साल संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में कहा था, एक और कदम, जिससे दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय शांति, स्थिरता व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस, महासभा अध्यक्ष यांग से मुलाकात की

न्यूयॉर्क/भाषा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा ''विविधता में एकता'', ''शांति'' एवं ''मानव कल्याण'' के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने बृहस्पतिवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है।''

विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से 'भविष्य का समझौता' को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक



प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया है। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे ''विस्तारित'' करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक अलग पोस्ट में कहा, ''आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।'' यांग ने भी जयशंकर से मुलाकात के बाद 'एक्स' पर 'ग्लोबल साउथ' के हितों को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका की सराहना की। 1960 के दशक में पनपा 'ग्लोबल साउथ' शब्द आम तौर पर लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। खासकर इसका मतलब, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाहर, दक्षिणी गोलार्द्ध और भूमध्यरेखीय क्षेत्र में स्थित ऐसे देशों से है जो ज्यादातर कम आय वाले हैं और राजनीतिक तौर पर भी पिछड़े हैं।

यांग ने कहा, ''मुझे आज भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत करते हुए खुशी हुई। हमने संयुक्त राष्ट्र महासभा 79 के लिए प्राथमिकताओं और प्रमुख मुद्दों तथा भविष्य के शिखर सम्मेलन के परिणामों पर चर्चा की। मैंने 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने में भारत की भूमिका की भी सराहना की।'' इस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के मौके पर, जयशंकर ने बेलारूस के विदेश मंत्री मक्सिम रायज़ेनकोव से भी मुलाकात की और ''स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी तथा गहरे आर्थिक संबंधों में संभावनाओं'' पर चर्चा की। जयशंकर ने रोमानियाई समकक्ष लुमिनिटा ओडोबेस्कु से भी मुलाकात की ।



# अक्टूबर को रिलीज होगी अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार और अभिनेत्री राधिका मदान की फिल्म सरफिरा, 11 अक्टूबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी । केप ऑफ गुड फिल्म्स, अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट और 2डी एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, सुधा कोंगरा द्वारा निर्देशित, सरफिरा में अक्षय कुमार के साथ राधिका मदान और परेश रावल की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, को विशेष रूप से डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ होगी। अक्षय कुमार ने कहा, सरफिरा एक सरफिरा इंसान के बारे में है, जिसने बड़े सपने देखने और उसके लिए अथक परिश्रम करने का साहस किया। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जब कोई सपना महत्वाकांक्षा में बदल जाता है, तो उसे सच होने से कोई नहीं रोक सकता और यही बात वीर के सपने के बारे में मुझे पसंद है; यह एक जुनून से प्रेरित कारण बन गया जिसने आम लोगों के लिए बदलाव लाया। मुझे ऐसी कहानियों का हिस्सा बनना पसंद है जो प्रेरित करती हैं और एक बड़ी तस्वीर पेश करती हैं।सरफिरा 11 अक्टूबर, 2024 को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ हो रही है और मैं एक ऐसे सपने की शक्ति को देखने के लिए उत्सुक हूँ जो दुनिया को प्रेरित करता है! राधिका मदान ने कहा, सरफिरा दृढ़ संकल्प और अपने सपनों को पूरा करने के साहस की एक शक्तिशाली कहानी है। आत्मविश्वास और ताकत से भरपूर रानी का किरदार निभाना मेरे लिए एक बहुत ही निजी अनुभव था। मैं दर्शकों द्वारा मेरे प्रदर्शन को गर्मजोशी से स्वीकार किए जाने के लिए बहुत आभारी हूँ। अक्षय सर के चित्रण ने फिल्म में अविश्वसनीय ऊर्जा ला दी। डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ, मैं और भी अधिक दर्शकों को हमारी यात्रा और इसके पीछे के महत्वपूर्ण संदेश से जुड़ने के लिए उत्साहित हूँ।

# मटका के सेट से नोरा फतेही का पहला लुक सामने आया

मुंबई/एजेन्सी

ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही अपनी आने वाली फिल्म 'मटका' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ऑनलाइन सामने आई कुछ इढ्ड तस्वीरों में, वह एक शानदार वाइट फ्लोरल साड़ी पहने हुए दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल साड़ी लुक को पूरी तरह से अपनाया, जिससे सोशल मीडिया पर फैंस उनके स्टाइल के दीवाने हो गए। तस्वीरों में वह अपने को-स्टार वरुण तेज और क्रू मेंबर्स के साथ दिखाई दे रही हैं। जब से तस्वीरें सामने आई हैं, उनके फैंस फिल्म में उनके किरदार के बारे में और ज़्यादा जानकारी पाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, हैदराबाद में शूटिंग शेड्यूल के दौरान, नोरा को पैर में गंभीर चोट लग गई थी और डॉक्टरों ने उन्हें दो महीने तक ठीक होने और रिकवरी की सलाह दी थी। अभिनेत्री सोशल मीडिया के जरिये अपने फैंस के साथ अपनी रिकवरी प्रोसेस के हर फेज को साझा कर रही हैं। अपनी चोट के बावजूद, वह फिलहाल 'मटका' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रही हैं। वह खखक्रऋ-2024 में लगातार तीसरी बार परफॉर्म करती नजर आएंगी।



फीफा एंथम 'लाइट द स्काई' और 'पेपेटा' जैसे अपने सिंगल्स के लिए दुनियाभर में मशहूर नोरा अपने चार्टबस्टर ट्रैक्स के साथ खखक्रऋ- में अपनी एनरजेटिक प्रेजेंस लाने के लिए तैयार हैं। 4 मिलियन से ज़्यादा धौंर्ढेलश सब्सक्राइबर और लगभग 47 मिलियन इंस्टाग्राम फ़ॉलोअर्स के साथ, उनके पास एक बड़ा फैनबेस है। वह वर्तमान में इंटरनेशनल आर्टिस्ट उघरू के साथ अपने आगामी सिंगल की रिलीज़ का इंतज़ार कर रही हैं। इससे पहले, नोरा ने 'दिलबर' के अरेबिक वर्जन और 'नोरा' सिंगल के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में धूम मचा दी थी। इसमें ट्रैक 'डर्टी लिटिल सीक्रेट' भी शामिल था, जिसने एक लीडिंग म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर 33 मिलियन से ज़्यादा स्ट्रीम हासिल किए, जो एक सिंगर के रूप में नोरा का सबसे सफल गाना बन गया। उनके ट्रैक की सफलता और उनकी इंटरनेशनल अपील ने उन्हें सबसे मांग वाले परफॉर्मिंग आर्टिस्ट्स में से एक बना दिया है।

# संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' ऑस्कर में ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि

वाशिंगटन/एजेन्सी

लंदन निवासी भारतीय मूल की फिल्मकार संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' को ऑस्कर पुरस्कार की अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर शामिल किया गया है। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) ने एक बयान जारी कर कहा, बाफ्टा को यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' को अगले साल होने वाले ऑस्कर पुरस्कार की अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए ब्रिटेन की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है. 'संतोष' की कहानी भारत के उत्तर प्रदेश राज्य की पुलिस पर आधारित है, जिसमें हिंदी भाषा के संवाद भी हैं।यह फिल्म एक विधवा गृहिणी के ईद-गिर्द घूमती है, जो अपने दिवंगत पति की पुलिस कांस्टेबल की नौकरी हासिल करती है और एक युवती की हत्या की जांच में उलझ जाती है।

फिल्म में शहाना गोस्वामी एक युवा हिंदू विधवा संतोष की भूमिका निभाती हैं, जिसे एक सरकारी योजना के माध्यम से पुलिस कांस्टेबल के रूप में अपने दिवंगत पति का पद विरासत में मिलता है। जैसे ही वह भूमिका में कदम रखती है, वह संस्थागत भ्रष्टाचार में फंस जाती है। निचली जाति के दलित समुदाय की एक किशोर लड़की की हत्या की जांच के लिए वह अनुभवी जासूस इंस्पेक्टर शर्मा, जिसका किरदार सुनीता राजवार ने निभाया है, के साथ मिलकर काम करती है। संतोष का प्रीमियर इस साल की शुरुआत में कान्स फिल्म फेस्टिवल में अन सर्टन रिगार्ड सेक्शन में हुआ था, जहां इसे काफी सराहना मिली। संतोष, संध्या सूरी की प्रशंसित डॉक्यूमेंट्री आई फॉर इंडिया (2005) और उनकी पुरस्कार विजेता लघु फिल्म द फील्ड के बाद पहली कथात्मक विशेषता है, जिसने 2018 में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय शॉर्ट का पुरस्कार जीता और 2019 में बाफ्टा नामांकन अर्जित किया।

ब्रिटेन को तीन बार अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर श्रेणी के लिए नामांकित किया गया है, जिसने इस साल की शुरुआत में जोनाथन ग्लेज़र के होलोकॉस्ट ड्रामा द ज़ोन ऑफ़ इंटरेस्ट के साथ अपना पहला ऑस्कर जीता था। सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर के दावेदारों सहित 2025 ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट की घोषणा 17 दिसंबर, 2024 को की जाएगी, जिसके बाद 17 जनवरी, 2025 को आधिकारिक नामांकन होंगे। 97वें अकादमी पुरस्कार 2 मार्च 2025 को होंगे।

# न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में परफॉर्म करने वाली बनीं पहली भारतीय कलाकार बनीं अनुष्का सेन



मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री अनुष्का सेन न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बन गयी हैं। अनुष्का सेन न्यूयॉर्क सिटी के टाइम्स स्क्वायर में स्टेज पर लाइव परफॉर्म किया है। वह ऐसा करने वाली पहली इंडियन आर्टिस्ट्स बनकर इतिहास रच चुकी हैं। अनुष्का ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के लिए यूनाइटेड नेशन के यंग लीडर एवाई यंग के साथ हाथ मिलाते हुए वेस्ट में एक सिंगर के रूप में भी अपना डेब्यू कर दिया है। साथ में, उन्होंने एवाई यंग के बैटरी टूर पर परफॉर्म किया, जिसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल करके 1,000 कंसर्ट को पावर करना है। अनुष्का ने एवाई यंग के साथ मिलकर प्रोजेक्ट 17 के सॉन्ग ग्रेजुएशन पर परफॉर्म किया, जो यूनाइटेड नेशन के 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स से प्रेरित एक म्यूजिक एल्बम है। ग्रैमी अवॉर्ड विनर केन लुईस द्वारा बनाया गया सॉन्ग ग्रेजुएशन अनुष्का के शिक्षा के लिए मजबूत समर्थन को दिखाता है। टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में यह इवेंट क्लाइमेट ग्रुप द्वारा आयोजित क्लाइमेट वीक का हिस्सा था। यह खास पल अनुष्का के करियर में एक बड़ा कदम है और दुनिया को उनके टेलेंट को दिखाता है।

टाइम्स स्क्वायर पर अपने परफॉर्मेंस के दौरान अनुष्का जयपुर के एक लोकल डिजाइनर द्वारा डिजाइन किए गए खूबसूरत आउटफिट में आत्मविश्वास से भरी नजर आईं, जिससे इंडियन ब्रांड्स और सस्टेनेबिलिटी के लिए उनका समर्थन दिखा। उन्होंने अपने आउटफिट के साथ छोटी सी बिंदी लगाई थी जो उनके लुक को एक कल्चरल टच दे रही थी। लाइव बैंड के साथ परफॉर्म करते हुए, उन्होंने अपनी आवाज से बहुत ही कॉन्फिडेंट के साथ इंटरनेशनल स्टेज पर इंडिया को गर्व के साथ रिप्रेजेंट किया। दुनिया के सबसे बिजी जगह में से एक पर आयोजित इस इवेंट ने वैश्विक शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए कमिटमेंट को दिखाया।

अपने अनुभव को याद करते हुए अनुष्का ने शेयर करते हुए कहा, मैं बहुत आभारी हूँ कि मुझे टाइम्स स्क्वायर पर परफॉर्म करने वाली पहली इंडियन बनने का मौका मिला। यह सच कि दुनिया भर से लोग हमें परफॉर्म करते हुए देख रहे थे, एक कमाल का अनुभव था। मैं एवाई यंग की बहुत आभारी हूँ जिन्होंने मुझे यह मौका दिया और केन लुईस जो सिर्फ़ हमारा समर्थन करने के लिए यहाँ आए, इससे मुझे ऐसा महसूस होता है जैसे अमेरिका में मेरा एक परिवार है। यह म्यूजिकल जर्नी इसलिए खास है क्योंकि यह सिर्फ़ मनोरंजन से कहीं बढ़कर है; यह ग्रह के बारे में है और लोगों को यह समझने में मदद करती है कि आने वाले सालों में हमें अपनी धरती माँ के लिए क्या करना चाहिए। म्यूजिक के पास दुनिया भर के अलग-अलग संस्कृतियों और जगहों के लोगों को एक साथ लाने का एक जादुई तरीका है।

अनुष्का ने कहा,दर्शक बहुत गर्मजोशी से भरे और सपोर्टिव थे, इसलिए मुझे नहीं लगा कि ये मेरी पहली परफॉर्मेंस है। बहुत सारे इंडियन फैंस वहां जो मेरे लिए चीयर कर रहे थे और मेरे साथ गाने पर झूम रहे थे। मुझे अपना आउटफिट बहुत पसंद आया क्योंकि ये भारतीय और अमेरिकी स्टाइल का परफेक्ट मिक्स था।बिंदी मेरा पसंदीदा हिस्सा था। यह एक नई शुरुआत है, और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि म्यूजिक की इस नए सफर में मैं क्या एक्सप्लोर और अनुभव करूँगी।




# आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है,जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ट्रेलर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, सब तैयार है? जिगरा थिएट्रिकल ट्रेलर अभी रिलीज़ हुआ! 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। ट्रेलर में आलिया भट्ट एक बहन (सत्या) की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, आलिया का किरदार और भी उभर कर आता है। एक बेहतरीन पल तब आता है जब आलिया यानी सत्या कहती हैं, मैंने कभी नहीं कहा, मैं सही इंसान हूँ। मैं सिर्फ़ अंकुर की बहन हूँ।

पिछले साल 'द आर्चीज़' में अपनी शुरुआत करने के बाद, फ़िल्म जिगरा, वेदांग रैना की दूसरी बार स्क्रीन पर आने वाली फ़िल्म है। फिल्म 'जिगरा' में एक आकर्षक 'चल कुड़िए' साउंडट्रैक भी शामिल है जिसे आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने गाया है।

क्लासिक गाने 'फूलों का तारों का' का रीक्रिएटेड वर्शन भी टीज़र में शामिल किया गया है, जिसमें वेदांग रैना की गायन प्रतिभा को दिखाया गया है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित और वायकॉम18 स्टूडियोज़ और इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत, 'जिगरा' को देबाशीष इरेंगबाम और वासन बाला ने मिलकर लिखा है। फिल्म जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है। निर्माता करण जौहर, अपूर्व मेहता, आलिया भट्ट, शाहीन भट्ट और सोमेन मिश्रा हैं। फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी।



RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

देश की सॉफ्टवेयर राजधानी बेंगलूरु के हिंदी रचनाकारों की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'शब्द' ने वर्ष 2024 के लिए 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' तथा 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' के विजेताओं की घोषणा कर दी है। एक लाख रुपए का 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' हिंदी के मूर्धन्य कथाकार भगवानदास मोरवाल को उनके उपन्यास 'खानजादा' के लिए प्रदान किया जाएगा।

# प्रभु की स्तुति, प्रार्थना के लिए मन में श्रद्धा होना अति आवश्यक : संतश्री वीरेन्द्रमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मंजूनाथनगर शिवनगर सकल जैन संघ के तत्वावधान में संतश्री वीरेन्द्रमुनि जी ने भक्तामर स्त्रोत्र की 7वीं गाथा का भावार्थ का वर्णन करते हुए कहा कि भक्तामर के रचयिता आचार्य मानतुंगसूरीश्वरजी प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की स्तुति करते हुए कहते है कि जिस प्रकार गुणों से सागर प्रभु जैसे सूर्य की पहली किरण समग्र विश्व पर पड़ते ही रात्रि का घनघोर अंधेरा मिट जाता है और चारों तरफ उजाला हो जाता है उसी प्रकार प्रभु आपकी भक्ति आपकी स्तुति करने से एक अलौकिक प्रभाव अथार्थ चमत्कार होता है जिसमें विश्व के करोड़ों जीवों के पाप कर्म नष्ट हो जाते है। संतश्री ने कहा कि लेकिन प्रभु की स्तुति अथवा प्रार्थना करने के लिए मन में श्रद्धा होनी चाहिए और मन-वचन-काया की एकाग्रता के साथ परमात्मा को याद करना चाहिए एवं अल्प समय के लिए भी शुद्धि से परमात्म भक्ति से शुभ कर्म संचित कर सकते है। शुक्रवार को धर्मसभा में शांतिनाथ जैन मण्डल, सैदापेट चेन्नई से पदाधिकारी



संतश्री के दर्शन के लिए संघ में पधारे। सकल जैन संघ के अध्यक्ष संघवी उत्तमचंद आच्छा ने सभी का स्वागत किया। संघ के मंत्री राकेश दलाल ने मेहमानों को चातुर्मास की गतिविधियों से अवगत कराया। प्रकाशचन्द बोथरा ने अपने विचार रखे एवं वर्ष 2025 के चातुर्मास का निवेदन किया। इस मौके पर संघ के विनोद मेडतवाल, सुरेश बाघमार, राजेश कोठारी उपस्थित थे। संचालन युवा अध्यक्ष अंकित आच्छा ने किया ।

# 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' भगवानदास मोरवाल को और 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' डॉ घनश्याम को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। देश की सॉफ्टवेयर राजधानी बेंगलूरु के हिंदी रचनाकारों की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'शब्द' ने वर्ष 2024 के लिए 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' तथा 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' के विजेताओं की घोषणा कर दी है। एक लाख रुपए का 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' हिंदी के मूर्धन्य कथाकार भगवानदास मोरवाल को उनके उपन्यास 'खानजादा' के लिए प्रदान किया जाएगा। इक्कीस हजार रुपए का 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' कर्मठ हिंदीसेवी एवं शिक्षाविद डॉ घनश्याम एस को दक्षिण भारत में हिंदी शिक्षण के संवर्द्धन तथा महिला शिक्षा के प्रसार में उल्लेखनीय अवदान के लिए दिया जाएगा।यह घोषणा करते हुए 'शब्द' के अध्यक्ष डॉ श्रीनारायण समीर ने आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दोनों पुरस्कार विजेताओं को आगामी 22 दिसंबर, 2024 को बेंगलूरु में आयोजित एक सारस्वत समारोह में पुरस्कार राशि के साथ पारंपरिक मैसूर पेटा, स्मृति चिह्न, श्रीफल और अंगवस्त्रम



भगवानदास मोरवाल




डॉ घनश्याम एस

भेंट कर सम्मानित किया जाएगा ।

विज्ञप्ति के अनुसार इन पुरस्कारों का निर्णय हिंदी भाषा और साहित्य के सर्जक विद्वानों की पाँच सदस्यीय मूल्यांकन समिति की संस्तुति के आधार पर निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से किया । निर्णय में पुरस्कार विजेताओं की कृतियों के पारदर्शी मूल्यांकन के साथ-साथ उनके अब तक के सर्जनात्मक अवदान को भी आधार बनाया गया। निर्णायक मंडल ने 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' के लिए अपनी संस्तुति में कहा है कि भगवानदास मोरवाल समकालीन हिंदी कथा साहित्य में सामाजिक यथार्थ एवं विडंबना तथा दलित अस्मिता के सशक्त कथाकार हैं। उनका 'खानजादा' उपन्यास मुगल आक्रान्ताओं से लोहा लेते हिन्दुस्तानी शासकों की संघर्षगाथा और मेवातियों की शौर्यगाथा के अनछुए पहलुओं के रुपायन के द्वारा हिंदी साहित्य के कथा-परिसर को समृद्ध करता है। ऐसे ही 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' की संस्तुति में निर्णायक मंडल ने कहा है कि डॉ घनश्याम एस ने तेलंगाना क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार तथा गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण का अनूठा कार्य किया है। उन्होंने अपने आचरण और व्यवहार से तेलुगू-हिंदी मैत्रीभाव का संवर्द्धन करते हुए राष्ट्र की भाव धारा को सशक्त करने का अन्यतम कार्य किया है।

'शब्द' के अध्यक्ष डॉ समीर ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 'अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान' बेंगलूरु के प्रसिद्ध समाजसेवी और अज्ञेय साहित्य के मर्मज्ञ बाबूलाल गुप्ता के फाउंडेशन के सौजन्य से दिया जाता है । इसी तरह 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' बेंगलूरु और चेन्नई से प्रकाशित प्रमुख हिंदी समाचार पत्र समूह 'दक्षिण भारत राष्ट्रमत' के सौजन्य से प्रदान किया जाता है ।

विज्ञप्ति के अनुसार उक्त पुरस्कारों के लिए कुल 30 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई । इनका मूल्यांकन प्रख्यात संपादक ओम थानवी की सदारत में कथालोचक डॉ अरविन्द कुमार, शिक्षाविद डॉ भंवर सिंह शक्तावत एवं विदुषी रमिता सिंह की मूल्यांकन समिति ने किया।

मूल्यांकन समिति की सिफारिश पर समग्रता में विचार करते हुए बाबूलाल गुप्ता, श्रीकांत पाराशर, नलिनी पोपट और डॉ उषारानी राव के निर्णायक मंडल ने सर्व सम्मति से पुरस्कार विजेताओं के नामों का चयन किया । डॉ श्रीनारायण समीर 'शब्द' पुरस्कारों की मूल्यांकन समिति और निर्णायक मंडल, दोनों के संयोजक हैं।




# कर्मचारी राज्य बीमा निगम बोम्मसंद्रा कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा सम्पन्न

## विजेताओं को पुरस्कार व ट्रॉफी बांटी गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय में हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह का आयोजन हुआ। उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी कैलाशचंद शर्मा ने कहा कि संविधान में हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ाने के लिए प्रेरणात्मक व प्रोत्साहन की नीति अपनाई है अतः हमें रूचि लेकर राजभाषा के नियमों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित विश्वेश्वरैया इंडस्ट्रीयल व टेक्निकल संग्रहालय के प्रधान सर्वेश खरे तथा उपस्थित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने राजभाषा शाखा द्वारा प्रदर्शित पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के संचय को सराहा। गृहमंत्री अमित शाह के संदेश का वाचन प्रवर श्रेणी लिपिक के.अरुणा ने तथा निगम के महानिदेशक की अपील प्रभावती ने तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष की अपील कैलाशचंद शर्मा ने पढ़ी।

सर्वेश खरे ने पुरस्कार विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी को संविधान में अपनाने से पहले पूरे भारत के लोगों से सलाह व विचार-विमर्श किया गया था तभी पाया गया कि हिंदी भारत में सबसे ज्यादा बोली जानी व समझी जाने वाली भाषा है। अब यह भारत में सीमित न रहकर विश्व पटल पर भी काफी लोकप्रिय हो रही है। आज विश्व हिंदी सम्मेलन व विश्व हिंदी दिवस मनाए जा रहे हैं परंतु हिंदी को वह स्थान अभी तक नहीं मिला है जिसकी यह हकदार है। कार्यालय प्रभारी कणितसेल्वी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी तथा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और विविधता की प्रतीक भी है। यह हमारी सोच, भावनाओं व एकता को दर्शाती है। उन्होंन आगे कहा कि आइए हम सब मिलकर हिंदी का सम्मान करें और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन प्रवर श्रेणी लिपिक नुरुन्नीसा ने किया। कैलाश चंद शर्मा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। उप निदेशक (राजभाषा प्रभारी) वाई वीर प्रताप ने हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह की की बधाई दी। शेख रियाज ने धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**सम्मान एवं आशीर्वाद**

वृक्षमते पद्मश्री नाडोजा शलुमरा तिमक्कना की 113वीं जयंती अंबेडकर भवन में मनाई गई जिसमें राज्य के गृहमंत्री डॉ जी परमेश्वर ने उपस्थित होकर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले विभिन्न लोगों को मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विजयनगर मारुति मेडिकल के महेंद्र मुणोत ने उपलब्धि हासिल करने वाले विभिन्न जनों को सम्मानित किया तथा वृक्षमाता तिम्मक्का का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर फिल्म में तिम्मक्का के दत्तक पुत्र उमेश मौजूद रहे।



# विनम्रता के गुण से आत्म सौन्दर्य को विकसित करें : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में साध्वी धर्मप्रभाजी ने कहा कि अहंकार आत्मा का पतन का कारण हैं, अतः सज्ज्न् पुरुष वही है जो अपने जीवन में गर्व, घमण्ड नहीं करते हुए विनम्रता के गुण को धारण कर अपने आत्म सौन्दर्य को विकसित करें। उन्होंने कहा कि अहंकारी, क्रोधी, प्रमादी, आलसी और रोगी इन पांच प्रकार के मनुष्यों को भगवान की वाणी सुनना, प्रभु भक्ति करना, संत महात्मा के उपदेश-शिक्षाओं को हृदयंगम करना व धर्म की आराधना में रुचि नहीं होती हैं। इन पांच प्रकार के प्रकृति वाले लोगों को ज्ञान की प्राप्ति भी नहीं होती हैं। व्यक्ति को कभी भी अपने किए पर धन-दौलत, वैभव, ऐश्वर्य पर पद-प्रतिष्ठा को प्राप्त करने के बाद उस पर कभी भी अपने जीवन में अहंकार नहीं करना चाहिए क्योंकि ज्ञानी पुरुषों ने अनुभवी लोगों ने अपने प्राप्त किए जीवन के अनुभवों के आधार पर यही सीख दी है। उन्होंने कहा कि समय बड़ा बलवान हैं। जिस समय जो करना हैं वो धर्म का, शुभ कार्य कर लिया तो जरूर उस कार्य की सिद्धि होती हैं। समय निकलने के पश्चात किए गए कार्य के सफलता पर सन्देह बना रहता हैं। मधुर, स्वभाव व मधुरवाणी का प्रयोग मनुष्य की संसार में सर्वत्र आदर-सम्मान के साथ सभी का स्नेह पात्र बन जाता है। प्रारंभ में साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने प्रभु महावीर की अंतिम देशना उत्तराध्ययन सूत्र के माध्यम से जीव के संसार में सकाममरण की प्राप्त करने के स्वरुप पर चर्चा करते हुए कहा कि तीन प्रकार के मनुष्य पहला पुण्यवान, दूसरी संयमी मनुष्य और तीसरा जितेन्द्रिय संयमी साधक। जितेन्द्रिय पुण्यवान आत्माओं को सकाम मरण की प्राप्ति होती है। जिनका अंतःकरण निर्मल पवित्र बन जाता है, जिसके चित्त में समाधि हो जाती है उन भव्यात्माओं को पण्डित मरण की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम का संचालन हनुमंतनगर संघ मंत्री सुरेशकुमार धोका ने किया। अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने आगन्तुकों का स्वागत किया।

# माँ माजीसा भक्त मंडल का सामूहिक नवरात्रि महोत्सव 3 अक्टूबर से

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । स्थानीय माँ माजीसा भक्त मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में 3 अक्टूबर से आगामी नवरात्रि के अवसर सामूहिक 10 दिवसीय मां भक्ति, निःशुल्क गरबा एवं डांडिया रास एवं एक दिवसीय रात्रि जागरण का आयोजन अक्किपेट में होने जा रहा हैं। इस संदर्भ में मांजीसा मंदिर में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष कैलाश संखलेचा ने सभी लाभार्थियों व सहयोगियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि महोत्सव में



प्रतिदिन माँ की आरती, माँ को चुनड़ी व प्रसाद अर्पण, फैंसी ड्रेस, घूमर व गरबा रास का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था ट्रस्ट मंडल कैलाश संखलेचा, अशोक कटारिया, दलीचंद कर्णावत, रमेश बंदामुथा, किशोर पालगोता, भोपाल सोनवाडिया, महेंद्र कटारिया, हितेश बोहरा, अमित हुंडिया, महावीर बंदामुथा, सिद्धार्थ भंसाली, शांतिलाल गुलगुलिया, विक्रम चौधरी, संतोषबाई, रेखा बोहरा आदि व्यवस्था में लगे हुए हैं।



# मुक्ति के मार्ग में तप, त्याग व व्रत जरुरी : साध्वी आगमश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हीराबाग जैन स्थानक में विराजित साध्वी आगमश्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि आत्मकल्याण के लिए आगम के माध्यम से मोक्ष मार्ग की प्ररूप की उसके दो मार्ग बताए गए है। एक संसार का मार्ग व दूसरा मुक्ति का मार्ग। दोनों की दिशाएं अलग-अलग है संसार में राग है, विराग है, भोग है और मोक्ष मार्ग में त्याग है। मोक्ष मार्ग में तप, त्याग, व्रत व नियम है। दोनों का रास्ता अलग-अलग है। संसार मार्ग से मुक्ति की राह पर आना बहुत मुश्किल है। राग के कारण जिंदगी के अमूल्य समय का भोग दे देता है। मोक्ष प्राप्ति के लिए जिनवाणी का सान्निध्य अति जरुरी है।

भगवान ने भी अपने जीवन में तीन संकल्प लिए थे इच्छा में चलना नहीं, कषाय में जाना नहीं और प्रमाद में पडना नहीं। अगर इच्छा खड़ी हो जाए तो उस पर कंट्रोल करना। जरा भी कषाय आ जाए तो उसको निकाल देना और प्रमाद आ जाए तो जीवन में जागृति लान। साध्वी धैर्योश्रीजी ने भी उपस्थित जनों से भगवान के संकल्पों का अनुसरण करने की बात कही। संचालन अशोक बांठिया ने किया।

# 'पश्चाताप एक ऐसा ताप है जिसमें कर्मक्षय होते हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन बावीस संप्रदाय संघ के तत्वावधान में गणेश बाग में विनयमुनिजी खींचन ने चार दिवसीय बृहतकल्प सूत्र की प्रवचन माला में कहा कि पश्चाताप एक ऐसा ताप है जिसमें कर्मक्षय होते हैं। सयोगों में नश्वरता भरी वियोगिता छिपी है। क्षणिक सुख संयोग से मिलता है, जब उसका वियोग होगा तब बड़ा दर्द देकर जाएगा। आँसुओं की धारा बहती है, निद्रा नहीं आती है, भूख भूल जाते है। रोगों का प्रवेश भी हो जाता है क्योंकि 'मन' उस वियोग को स्वीकार नहीं करता है। आर्त्तध्यान में गया मन सुखी नहीं रहता है। संयोग और वियोग जीवन के अनिवार्य दो पहलू है। भगवान महावीर ने जन्म को मृत्यु से, दुःख को सुख से जोड़ रखा है। नैसर्गिक नियमानुसार जीवन में सहज रूप प्रकृति प्रदत्त साधनों में जो सन्तोष मिलता है वह आज के बनावट भरे चमक, दमक, प्रदूषण पैदा करने के साधनों में अतृप्ति का वास ही रहता है। तृष्णा घटती नहीं बढ़ती जाती है। आयु पलपल घटता ही जा रहा है परन्तु पाप मति नहीं घटती है। संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपतराज मांडोत ने आभार व्यक्त किया।



# ट्रेंडसेटर रेफरल ग्रुप वी-प्रेनेयर की बैठक सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । जीतो ट्रेंडसेटर ऑल वुमेन रेफरल ग्रुप वी-प्रेनेयर की बैठक जीतो कार्यालय में हुई। लीड लताशा भंडारी द्वारा ए-आई व सोशल मीडिया के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने टेक्नोलॉजी से व्यवसाय को बढ़ाने के तरीके बताए। मंत्री ज्योति कोचेटा के पावर टीम की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सदस्यों को प्रोत्साहित किया। अनेक सदस्यों ने 30 सेकंड की प्रस्तुति दी। रेफरल हेड नीलम सांड, रेफरल लीड लताशा भंडारी और रेफरल मंत्री ज्योति कोचेटा ने संचालन किया। इस मौके पर जीतो लेडीज़ विंग की चेयरपर्सन सुनीता गांधी की विशेष उपस्थिति रही। प्रेनेयर टीम को जीतो लेडीज विंग की ओर से ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

# आगम वाणी को जीवन का आधार बनाएं : संतश्री राजेशमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनगर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री राजेशमुनिजी के सान्निध्य व प्रेरणा से तपस्या और और धर्म आराधना का सिलसिला जारी है। मुनि ने आगम वाणी के संदेश को जीवन और आचरण में उतारने की प्रेरणा दी। मुनिश्री ने कहा कि चातुर्मास के बाकी समय में भी इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ तपस्या का क्रम जारी रखना है।

किसी भी तरह के प्रमाद या शिथिलता को हावी नहीं होने देना है। नौ उपवास की दीर्घ तपस्या ऋषभमुनिजी ने की है। श्राविका नन्दादेवी मूथा ने संघ में सबसे बड़ी 60 उपवास की सुदीर्घ तपस्या की। मुनि ने घर-घर जाकर अलख जगाई जिसके परिणाम स्वरूप यह आडंबर रहित, एक आदर्श चातुर्मास हुआ है। ऋषभ मुनिजी ने स्तवन प्रस्तुत किया।संघ के अध्यक्ष धनरूपचंद मेहता ने आगंतुकों का स्वागत किया। यह जानकारी संघ के मंत्री छगनमल लुणावत ने दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**रक्तदान शिविर**

बेंगलूरु के सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन ने इंटेलिसविफ्ट सॉफ्टवेयर आईएनसी और मणिपाल अस्पताल व्हाइटफील्ड के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 30 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। फाउंडेशन के सीईओ बिकाश कुमार ने इंटेलिसविफ्ट के सुप्रिया राणावरे और मणिपाल अस्पताल दीपक को रक्तदान शिविर आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# शिक्षक दिवस एवं इंजीनियर दिवस मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय लायंस क्लब बेंगलूरु सिटी आनंद ने शिक्षक दिवस व इंजीनियर दिवस मनाया। अध्यक्ष दिलीप कोठारी ने सभी का स्वागत किया, सचिव अभिषेक बांठिया ने रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आकाश सुवर्णा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्वग्रा स्कूल की प्रिंसिपल नमिता का उपाध्यक्ष सुरेश धोका ने परिचय दिया एवम उपजिलाधिकारी का सम्मान किया।

इंजीनियर अभिषेक बांठिया का स्वागत क्षेत्रीय अध्यक्ष महिंदर सिंह ने किया। मानव सेवा प्रमुख ने 27 अक्टूबर को हनुमंतनगर क्षेत्र में स्वास्थ शिविर



की जानकारी दी। सुनील खिमसुरा ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया।

जिलाधिकारी ने नए सदस्य आनंद संकलेचा को शपथ ग्रहण दिलवाई। सभा में जिला सदस्य रमेश, क्लब सदस्य आशीष बाफना , राजेंद्र मुथा, रामगोपाल मूंदड़ा आदि उपस्थित थे। धन्यवाद प्रस्ताव सचिव अभिषेक ने दिया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com